THE APPROPRIATION (RAILWAYS) No. 2 BILL, 1998

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI NITISH KUMAR):

Mr. Vice-Chairman, Sir, I beg to move:

"That the Bill to provide for the authorisation of appropriation of moneys out of the Consolidated Fund of India to meet the amounts spent on certain services for the purposes of Railways during the financial year ended on the 31st day of March, 1996, in excess of the amounts for those services and for that year, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration.

The question was put and the motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clauses 2 and 3 and the Schedule were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI NITISH KUMAR: Sir, I beg to move:

"That the Bill be returned."

The question was put and the motion was adopted.

[Mr. Chairman in the Chair]

सदन के नेता (श्री सिकन्दर बख्त): सदर साहब, जैसा कि तय हुआ था आडवाणी जी पांच बजे से यहां आकर बैठे हैं। वे गुजरात गए थे और जो कुछ भी उन्होंने वहां पर देखा है उस पर अपने आब्जर्वेशन्स यहां पेश करेंगे। लेकिन फारमल बयान तो जो नोडल मिनिस्ट्री है सोमपाल जी की, उनकी तरफ से ही आएगा। अगर मेम्बर्स चाहेंगे तो आडवाणी जी भी यहां बोलने के लिए बैठे हैं।

†† ایتا سدن "شری سکندر بخت" صدر صاحب، جیسا کہ طے ہوا ہے آڈوانی جی پانچ بجے سے یہاں آکر بیٹھے ہیں۔ وہ گجرات گئے تھے اور جو کچھ بھی انھوں نے وہاں دیکھا ہے اس پر اپنے آبزرویشنس یہاں پیش کریں گے لیکن فارمل بیان تو جو نوڈل منسٹری ہے سو میال جی کی انکی طرف سے ہی آئے گا۔ اگر ممبرس چاہیں گے تو آڈوانی جی بھی یہاں بولنے کے لئے بیٹھے ہیں۔

STATEMENT BY MINISTER

Latest Position of the situation caused by recent Cyclonic Storm in Gujarat and Rajasthan

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI SOMPAL): Mr. Chairman, Sir, I seek leave of the House to make a statement on the latest situation caused by the cyclonic storm in some parts of Gujarat and Rajasthan.

Shri L.K. Advani, Hon'ble Home Minister paid a visit on 11-6-1998 to the severely affected parts of Gujarat to make an on the spot assessment as well as rescue and relief operations being undertaken.

The cyclonic storm which crossed over to the Gujarat coast at Porbandar on the 9th of June in the morning, caused extensive damage in parts of the districts of Kutch, Jamnagar, Rajkot, Porbandar, Junagadh, Amreli, Bhavnagar, Banaskantha, Surat, Bharuch, Valsad and Navsari. The damage to life and property has been particularly severe in the districts of Kutch, Jamnagar and Porbandar, especially in the Kandla areas of Kutch district. The death toll, as reported by the State Government in the

†† [Transilteration in Arabic Script

morning today, has reached 713 and the number of those injured stands as 851. Telecommunications and power installations have been severely affected.

The cyclonic storm also affected some areas of Rajasthan in Barmer, Jallore and Jodhpur districts resulting in death of 7 persons and injuries to 4, besides extensive damage to public and private property.

SHRI MD. SALIM (West Bengal): Sir, the Minister is reading out a written statement. So, a copy of the statement should be made available, even if it gives additional information. ...*(Interruptions)*

SHRI SOMPAL: The preliminary estimate regarding loss caused by the cyclonic storm, as given by the State Govt. of Gujarat, is Rs. 1200 crores. Assessment from the Rajasthan is awaited. However, detailed survey and estimation of the loss caused is being made by both the State Governments.

SHRI NILOTPAL BASU (West Bengal): It is unprecedented.

SHRI SOMPAL: Immediately on receipt of the warning of the cyclonic storm, both the State Governments swung into action, activated their entire state machinery from the Headquaters down to the field level.

Prior evacuation operations were promptly carried out in Gujarat before and after the event. Over 28000 persons have been shifted to the 64 relief camps where shelter, food, clothing, medicines and all other necessaries of life are being provided. Medical services in the hospitals, have been geared up and augmented. Adeuate funds have been placed at the disposal of the District Collectors with directions to meet all expenses on items of immediate relief without awaiting sanction from the higher authorities. Measures have been taken to restore water supply systems by making arrangements like use of tankers, generating sets, etc. All out efforts are being made by the State Authorities to restore electricity supplies. Traffic on all major roads has been restored and efforts are being made to restore bus services to all the villages into 2-3 days.

All the three wings of the Armed Forces and the formation of the Paramilitary Forces in Gujarat have rendered excellent cooperation to the civil authorities in rescue and restoration operations. Communications systems have been restored in all the affected districts Headquarters and efforts are being made to restore communications with the smaller towns at the earliest. Contingency plans have been drawn up by the Oil Industry to meet requirements of oil products in the affected areas. The Ministry of Power has also issued instructions to the Maharashtra Power Restroation Unit to render all help to the state authorities. The Railways Authorities have started works on the damaged portion of the railway track in the Kandla Port so as to make it operational at the earliest.

In order to enable the Government to take immediate rescue and relief measures, the first two quarterly instalments of Central share of the calamity relief to Gujarat and the first instalment to Rajasthan stand released. On the basis of preliminary assessment, the State Govt. has requested for central assistane of Rs. 500 crores from the National Fund for Calamity Relief. The State Govt. has been advised to submit a detailed memorandum giving detailed assessment of the loss and requirement of funds for relief and rehabilitation at the earliest. A Central Team will be deputed to assess the requirement immediately on receipt of memorandum from the State and action on their request will be taken promptly.

The Hon'ble Home Minister visited the worst affected areas, the victims of the calamity, paid visit to the hospitals and had detailed discussions with the Chief Minister and other Ministers and Officers of the State Government at the Kandla Port Trust. He appreciated the prompt action taken by the Government as also

the active role played and being played by non-governmental organisations. He assured the State Government of all possible assistance from the Govt. of India.

SHRI NILOTPAL BASU: Sir, we want to put it on record.

सदन के नेता (श्री सिकन्दर बख्त): सदर साहब, इनको जो ऐतराज है वह समझा दूं। दो बातें हैं, फार्मल बयान कल हो चुका है, जिस पर क्लेरीफिकेशन भी हो चुके हैं। आज दिन में बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग चेयरमैन साहब के कमरे में हुई थी कि आडवाणी जी 5 बजे यहां आये। आडवाणी जी को बात करने के बाद यहां बुलाया गया। आज का जो स्टेटमेंट है वह कल के स्टेटमेंट का सप्लीमेंटरी है ताकि लेटेस्ट पोजीशन आपके सामने आ जाए। अभी किसी कायदे कानून के मुताबिक आडवाणी जी का स्टेटमेंट हो नहीं सकता। वहां से विजिट करने के बाद वे आए हैं इसलिए उनके लिए इतनी जल्दी बयान बनाना पासिबल नहीं था। लेकिन आडवाणी जी यहां आए हैं और जो उनके तजर्बात हैं वे आपके सामने रख दें तो अच्छा हो।

†[نیتا سدن شری سکندر بخت: صدر صاحب، ان کو جو اعتراض ہے وہ سمجھتا ہوں۔ جو باتیں ہیں، فارمل بیان کل ہو چکا ہے، جس پر [illegible] ہو چکے ہیں۔ آج دن میں بزنس ایڈوائزری کمیٹی کی میٹنگ چیئرمین صاحب کے کمرے میں ہوئی تھی کہ آڈوانی جی 5 بجے یہاں آئے، آڈوانی جی کو بات کرنے کے بعد یہاں بلایا گیا۔ آج کا جو اسٹیٹمنٹ ہے وہ کل کے اسٹیٹمنٹ کا سپلیمنٹری ہے تاکہ اسٹیٹ پوزیشن آپ کے سامنے آ گیا ہے۔ ابھی کسی قاعدہ قانون کے مطابق آڈوانی جی کا اسٹیٹمنٹ تو ہو نہیں سکتا وہاں سے وزٹ کرنے کے بعد وہ آئے ہیں اس لئے ان کے لئے اتنی جلدی بیان بنانا پاسیبل نہیں تھا لیکن آڈوانی جی یہاں آئے ہیں اور جو ان کے تجربات ہیں وہ آپ کے سامنے رکھ دیں تو اچھا ہوتا

श्री नीलोत्पल बसुः चेयरमैन साहब, आपसे मेरा सवाल यह है कि क्या ऐसे स्टेटमेंट पर क्लेरीफिकेशन पूछा जाए? कुछ न कुछ रूल के तहत तो यह बिजनेस हो रहा है। यह तो कतई नहीं हो सकता कि सारे रूल्स सस्पेंड करके यह बिजनेस कर रहे हैं। अगर यही हो रहा है तो इसके लिए हाउस की इजाजत ली जाए।

The House in its wisdom will suspend rules and...

MR. CHAIRMAN: What he was saying was that even for the supplementary statement, it would have been better if the copies had been circulated. Since they have not yet been circulated and they would be circulated shortly, we should not suspend the work in the meanwhile. Members are here, Advani Ji is here. You can ask supplementaries.

SHRI MD. SALIM: The Leader of the House should have said that copies are coming. Then we would have continued the business.

श्री अहमद पटेल (गुजरात): सर। क्या स्टेटमेंट सर्कूलेट करेंगे?

श्री सभापतिः सर्कुलेट हो रहा है।

SHRI H. HANUMANTHAPPA (Karnataka): No, Sir. We want copies of the Statement. Even when Hindi version was not made available, the House was not allowed to run. Why is the House taken like this? That is the procedure. Today without copies of the Statement he wants us to continue.

†[ ]Transilteration in Arabic Script

श्री मोहम्मद सलीम: लीडर आफ दि हाउस यह तो बोलें कि मिनिस्टर जो बोलें है, जिस स्टेटमेंट को पढ़कर उन्होंने सुनाया है वह आ रहा है।

†اشری محمد سلیم: لیڈر آف دی ہاؤس یا تو یہ کہ منسٹر جو بولے ہیں، جس (سیٹمنٹ کو پڑھکر انھوں نے سنایا ہے وہ آرہا ہے۔

श्री सभापति: उसको आने में देर होगी, लेकिन आ जाएगा, कोई दिक्कत नहीं है।

श्री सिकन्दर बख्त: इसको आने में जरा देर हो जाएगी।

श्री मोहम्मद सलीम: ऐसा बोलिए, कुछ न बोलने में दिक्कत हो जाती है।

†اشری سکندر بخت: اس کو آنے میں ذرا دیر ہو جائیگی۔

†اشری محمد سلیم: ایسا بولئے کچھ نہ بولنے میں دقت ہو جاتی ہے۔

SHRI JOHN F. FERNANDES (Goa): Mr. Chairman, Sir, I do not find much of a difference between the statement made last night by the hon. Minister and the statement made now except that the number of dead bodies recovered has inflated from 627 to 730. Last night I did mention that there are reports in the print media that the number of dead will go up to 5,000. As the bodies are washed from off-shore to on-shore the Government keeps on counting bodies.

श्री सिकन्दर बख्त: क्लेरीफिकेशन शुरू हो गए हैं? आडवाणी जी को सुनना चाहते हैं तो पहले सुन लें।

†اشری سکندر بخت: کلریفیکیشن شروع ہو گئے ہیں۔ آڈوانی جی کو سننا چاہتے ہیں تو پہلے سن لیں۔

MR. CHAIRMAN: Advani Ji will say something about his visit. Then you can ask.

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): सभापति जी, इस मामले में, कहीं पर भी देश में अगर प्राकृतिक विपदा होती है, तो केन्द्र सरकार की ओर से जो नोडल मिनिस्ट्री है, वह कृषि मंत्रालय है और इसी कारण से, स्वाभाविक है कि कल भी उन्होंने ही वक्तव्य दिया और आज भी उन्होंने ही वक्तव्य दिया। मैं क्योंकि गुजरात का प्रतिनिधि हूं, राजस्थान में भी इसका प्रभाव हुआ है।, जिसका जिक्र अभी उन्होंने किया, लेकिन मैं गुजरात इसलिए गया क्योंकि गुजरात में इसका प्रकोप सबसे ज्यादा था। दूसरा, मैं वहां का प्रतिनिधि भी हूं, इसलिए भी मैं वहां गया। अभी अभी, मुझे नेता सदन ने बताया कि आप यहां आकर अपने अनुभव बतायें। मैंने कहा कि मुझे इस पर कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन फिर भी मैंने उनको कहा कि उपयुक्त यहीं होगा कि मुख्य वक्तव्य वह मंत्रालय दे जो इसको देखता है। वह इसको करे और मैं इसका एक पूरक वक्तव्य कर लूंगा जो मैंने वहां स्वयं देखा है।

मुझे स्मरण नहीं आता कि विगत वर्षों में कोई ऐसी भयानक विपदा गुजरात में आई हो, जैसी 9 तारीख को आई। मुझे स्मरण आता है वह साल जब मोरवी में भयंकर बाढ़ आई थी। वहां बांध टूट गया था और उसके कारण मोरवी लगभग सारा डूब गया था। दूसरी विपदा आई थी, दूसरे प्रकार से, गंदगी के कारण, अव्यवस्था के कारण, सूरत में प्लेग हुआ था। इन दो विपदाओं का मुझे स्मरण है। लेकिन इनसे भी भयानक विपदा यह है। जब साइक्लोन आया तो उसका पहले अंदाजा भी सही नहीं लगा। मीटरलाजिकल डिपार्टमेंट के लोगों ने पहले सूचना दी और फिर बताया कि अब दिशा बदल गई है।

शुरू के जो पांच जिले बताए गए थे, उनमें कुछ नहीं था, बाकी जिले तो थे लेकिन कच्छ का उल्लेख नहीं था। यह माना गया था कि कच्छ तक पहुंचेगा नहीं और पहुंचते-पहुंचते डिसिपेट हो जाएगा लेकिन सब से ज्यादा क्षति अगर कहीं हुई है तो कच्छ क्षेत्र में हुई। अभी तक जैसे कि बताया गया 713 कनफर्म्ड डेथ्स की सूचना है

†[ ]*Transilteration in Arabic Script*

और इन 713 में से 450 से अधिक कच्छ में हैं। जिस प्रकार की स्थिति मैंने वहां पर देखी, मुझे लगता है कि जैसे समय बीतेगा यह संख्या चार अंकों में हो सकती है क्योंकि कच्छ में और खास कर के कांडला बन्दरगाह में जिन लोगों की मृत्यु हुई है, वह बाकी हिस्से से अलग है। मैं मुख रूप से जो सब से अधिक प्रभावित हैं कांडला और जामनगर गया था। जामनगर में मैंने देखा कि जितने लोग घायल थे, वह सब के सब इसलिए घायल थे कि उनका मकान ढह गया था या रास्ता चल रहे थे कोई चीज़ उड़ती उनको काट गई, चोट पहुंचा गई, उसके कारण घायल थे। कांडला में जितने लोगों की मृत्यु हुई उनमें से अधिकांश डूब कर मर गए। अधिकांश नमक का काम करने वाले मजदूर थे जो प्रायः यहां के रहने वाले नहीं थे, उड़ीसा से काफी लोग थे, उत्तर प्रदेश से थे, तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश और पश्चिमी बंगाल से थे, जिनका कोई रिश्तेदार वहां पर नहीं है। इसका बहुत ही दुखद परिणाम यह हुआ कि जहां जामनगर में मैंने जा कर पूछा जामनगर में कितनी डेथ्स हुई तो उन्होंने बताया कि यहां पर 59 लोग मरे। अस्पताल में डाक्टर ने बताया कि 59 बॉडीज़ हमारे पास रही थी जिनमें से 57 आइडेंटीफाईड थे, दो लोग आइडेंटीफाई नहीं हो सके। 57 आइडेंटीफाई हो गए जबकि कांडला बन्दरगाह में अगर 409 बॉडीज़ अस्पताल पहुंची तो 409 में से शायद मुश्किल से 100 से 110 ही आइडेंटीफाई हुई। बाकी आइडेंटीफाई नहीं हुई। उसका कारण यह है कि उनको आइडेंटीफाई करने वाला भी कोई नहीं है। दूसरी बात जो बहुत दारुण थी, कष्ट देने वाली थी जिसके कारण कोई वह दृश्य वहां देखे तो उसका हृदय द्रवित हो जाए, दहल जाए, वह यह है कि लाशों की स्थिति ऐसी थी कि जैसे डिकम्पोज़िशन शुरू हो जाता है, पानी में पड़ी रही, बड़ी मुश्किल से उनको निकाल रहे हैं। अभी भी निकालने का काम चल रहा है। मुझे इतना ही कहना है कि कमी यदि मुझे कोई थोड़ी सी अनुभव हुई तो वह शायद पोर्ट ट्रस्ट और डिस्ट्रिक्ट अथॉरिटीज़ में जितना कोआर्डिनेशन होना चाहिये था, उसमें कुछ कमी लगती थी अन्यथा सब लोगों ने बहुत मेहनत, बहुत लगन से काम किया।

जितनी लगन से सेना के तीनों अंगों ने किया, जितनी लगन से वहां की सरकार लगी रही, सरकार की एजेंसीज़ लगी रहीं, मैं समझता हूं कि गैर सरकारी एजेंसीज़, गैर सरकारी संस्थाएं उससे भी ज्यादा परिश्रम और लगन से कार्य कर रही हैं। राहत का कार्य, सहायता करने का कार्य, बॉडीज को खोजने का काम है। आज प्रातः काल ही मुझे फोन आया अहमदाबाद से कि लगभग 3000 साल्ट मजदूर अहमदाबाद पहुंच गए हैं और मांग कर रहे हैं कि हम अपने-अपने गांव जाना चाहते हैं, हम कैसे जाएं, हमारे पास कुछ नहीं बचा है, सब बरबाद हो गये। मैंने उसी समय नीतीश जी, रेल मंत्री जी से बात की, प्रधानमंत्री जी से बात की, उन्होंने वहां यह संदेशा भेजा कि इस प्रकार की विपत्ति की स्थिति में जो भी साल्ट मजदूर, नमक मजदूर, गांधी धाम के स्टेशन से जो कांडला के बिल्कुल पास है या अहमदाबाद के स्टेशन से अपने अपने गांव जाना चाहे, उनको रेल का किराया नहीं देना पड़ेगा, इसकी व्यवस्था की है। इसी प्रकार से सभी काम कर रहे हैं, सहायता देने के कार्य कर रहे हैं। वहां सुरेश मेहता जी गुजरात के पूर्व मुख्य मंत्री ने मीटिंग बुलाने का तय किया है। सभी 80 वर्क्स हैं, उन साल्ट वर्क्स के मेनेजर्स और मालिकों को बुला कर उनसे पूछना है कि आपके यहां कितने लोग काम करते थे और कितने लोग उपस्थित हैं। उससे अन्दाजा हो सकेगा कि वहां कितने लोग मिसिंग हैं।

क्योंकि बाकी स्थानों पर जैसा मैंने बताया या तो चोट लगने के कारण हुई या डूबने के कारण हुई हैं। जो सारा एरिया है जहां पर साल्ट पिट्स हैं, इट इज बिलो सी लेकल। इसीलिए आज भी शायद मैंने इनसे पूछा कि यह एरिया कितना है। क्योंकि जहां मैं देखूं कांडला के पोर्ट की जेटी पर पहुंचते-पहुंचते, रास्ते भर के दोनों तरफ पानी ही पानी भरा हुआ है सारा का सारा जहां से हमारे बी०एस०एफ० के लोग बाडीज को निकाल रहे थे। तो मैंने पूछा यह एरिया कितना है—यह जितना सारा एरिया मुझे दिखायी दे रहा है। तो मुझे बताया गया कि दिस इस अबाउट 60 स्कवायर किलोमीटर्स। पानी ही पानी चारों ओर है। वह समुद्र नहीं है। लेकिन समुद्र का पानी उछलकर आया है। यह या तो इवेपोरेट होगा या फिर पंप आउट होगा। उसमें समय लगेगा। इसलिए बाडीज की रिकवरी में भी समय लगेगा।

इन सारे एरियाज में, कच्छ और जामनगर भी जैसे गया तो वहां पर बिजली नहीं है। कुमारमंगलमजी ऊर्जा मंत्री बैठे हैं उनको मैंने कहा, बताया तो उन्होंने तुरंत इनके पास जो मिनिस्ट्री में एक इमरजेंसी पावर रेस्टोरेशन यूनिट है उसको वहां पर भेजा। उन्होंने भी वहां पर बहुत अच्छा कार्य किया है, सहायता की है, कर रहे हैं।

इस प्रकार से कल जो इच्छा मैंने वहां व्यक्त की वह आशा मैं इस सदन में भी व्यक्त करना चाहता हूं कि कभी कभी इस प्रकार की विपत्ति अवसर बन जाती है, वरदान का अवसर बन जाती है। मैंने दो उदाहरण आपको दिए जो मैंने गुजरात में स्वयं देखें—मोरवी की बाढ़ और सूरत का प्लेग।

मैंने बाढ़ से पहले भी मोरवी देखा और प्लेग से पहले भी सूरत को देखा। लेकिन जिस प्रकार से आम जनता ने, समाज ने और शासन ने, दोनों ने मिलकर इन विपत्तियों का सामना किया, इसके परिणामस्वरूप आज मैं कह सकता हूं कि आज का सूरत उस पूर्व के सूरत से बहुत अच्छा है और उसी प्रकार से आज का मोरवी बाढ़ के पूर्व के मोरवी से बहुत अच्छा है। मैं आशा ही कर सकता हूं कि अभी यह जो प्रकोप है यह जो साइक्लोन आया है जिसके कारण इतनी बरबादी हुई है, नुकसान हुआ है, चारों ओर जितने सारे पोल्स हैं, पोल्स किसी भी प्रकार के हों चाहे वे वाच टावर्स हों, हाई इलेक्ट्रिसिटी के हों या पेड़ हों, हजारों में मेबी इन लैक्स में, चारों ओर गिरे पड़े हुए हैं क्योंकि वे उखड़ गए सब के सब। उनको फिर से रेस्टोर करना, बन्दरगाह को फिर से बनाना—

It will have to be remodelled again absolutely. May be, some of the shortcomings that are there, can be removed.

पांच क्रेनें थीं, बड़ी-बड़ी, वहां के कांडला पोर्ट ट्रस्ट के चेयरमैन से मैंने पूछा कि इनकी कीमत क्या है, उसने कहा कि एक-एक की कीमत 15 करोड़ रुपए से कम नहीं है और पांच सारी इतनी बड़ी-भारी ऐसे मुड़ गयी हैं जैसे मानों पता नहीं किसी राक्षस ने आकर, दैत्य ने आकर उनको खत्म किया हो। इस स्थिति को हम एक वरदान में बदल दें मिल करके, वहां का समाज, वहां का शासन यही मैं आशा कर सकता हूं। बाकी हम स्वयं जितना सब कर सकते हैं, करेंगे। केन्द्रीय सरकार की ओर से कुछ ही दिनों में, तीन-चार दिनों के बाद एक टीम जाएगी जैसी कि प्रक्रिया है। वहां की सरकार को हमने कहा है। हमने कल ही कहा है कि आप पूरा असेसमेंट कर लीजिए कि कितना नुकसान हुआ है और इस आधार पर जितनी सहायता उपयुक्त होगी वह हम करेंगे। वैसे उनकी मांग थी कि आप 500 करोड़ रुपए भेजें जिसका कि सारा इवैलयुएशन करने के बाद ही निर्णय हो सकेगा।

SHRI JOHN F. FERNANDES (Goa): Mr. Chairman, Sir, I was mentioning that only the number of the dead bodies has been inflated and that will continue to inflate because the hon. Home Minister also mentioned that the bodies are still lying in the salt pans. The dead bodies are inundated in water. Sir, Yesterday also, I had put a similar question that the State Government seemed to be only mentioning the number of houses which have been destroyed. The Central assistance will go on the basis of the number of houses. The Government do not seem to attach any importance to find out as to how many people were dead. The hon. Home Minister mentioned that the labourers were there. The Agaria Salt Pan is there. It is run by three sectors. It is with the Tata Salt and other multinational companies. Then we have the Salt India Limited. It is a public sector company. There are certain salt pans under the private sector. The Agaria people were living there. But there is no record with the Government as to how many people were living there. The hon Home Minister referred to the labourers employed from the other States. But there is no inventory with the State Government as to how many Agarias were living in those slums, in the shanties. You know the money is to be provided according to the headcount of the dead bodies. That will not be appropriate because they may be having some other people living way back in the main land. What is the way out? What is the mechanism? It is for the Government to find out.

Sir, the Government also mentioned about the prior evacuation. I don't think that people were evacuated prior to the tragedy. The Government mentioned only yesterday that announcement was made on the radio and Doordarshan. These shanties were not connected with electricity. What are the modalities that they can put on the radio or T.V.? No attempts were made by the State Administration despite hoisting flag No. 6 for three days. They should have made some announcement through loudspeakers. No such thing was done. I think the steps taken by the Govenrment are the post-cyclone steps. In 67 camps, 27,000 people were rehabilitated. What I am trying to say is, the State Administration has failed despite the

cyclone being formed five days back, on 5th of June. It struck Gujarat only the 9th. The cattle will suffer more than the people. The hon. Home Minister has mentioned that special trains will be run. I remember that in 1987, when there was a drought in Gujarat, the then Prime Minister, Shri Rajiv Gandhi, had run "Water Specials". Water was moved from other States to Gujarat by trains. I want to know from the Minister whether trains will be used to transport fodder also for the cattle. Otherwise, you will have a mass suicide there. Secondly, it is reported that if you rehabilitate Kandla Port, it will take, at least, 620 crores of rupees. Were the assets and properties of the Port insured? Again, the Port Administration has made a mistake. Despite hoisting flag No. 9, the ships that were within the Port were not told to go away into the mid-sea. What is the rule? I want to know whether, in the absence of any protection by court, they will be entitled to making claims for insurance. Sir, this is a national tragedy and the whole nation should rise together. This is not a matter concerning any party, ruling in Gujarat or at Delhi. I think, the nation as a whole will rise. Will the Government set up a Prime Minister's Gujarat Cyclone Relief Fund and take donations and contributions from people all over the country? When I said 'this is a non-party issue', I wanted to raise the issue in the Zero Hour. The President of the Congress Party also visited the affected areas. Mrs. Sonia Gandhi visited Gujarat yesterday. This Government wants to run the Government by consensus. Just now we have passed a Bill by consensus. Then why did the Doordarshan black out the visit of our Congress President to that State? We are the largest Opposition Party in both the Houses. Will the Government not be partisan in solving the national tragedies to give succour to the people of Gujarat, or, for that matter, any other State? will they see to it that these incidents do not occur in future? You take the whole country with you in fighting this national tragedy. Thank you, Sir.

SHRI MADHAVSINH SOLANKI (Gujarat): Sir, I want to seek from the hon. Home Minister clarifications on certain points. as per the Press reports, the hon. Minister told the Press in Jamnagar that after Government's warning singals, many people who were in danger, did not voluntarily move from the places but they had to be forced with the help of police to go, and they were saved. It is a good thing. Why didn't the something happen in Kandla? In Kandla, where the salt workers were far away from the coasts, they have no radios, they cannot understand the signals, arrangements should have been made that a great storm was coming and somebody should reach the people, who were working there, and save them. But nothing has happened. The hon. Home Minister has rightly said that there was a communciation gap between the Port authorities and the local authorities which resulted into heavy losses of life and property. Sir, it is reported in the Press that on an earlier occasion also the loss was heavy. The Home Minister has just now said that he learnt about the machchu tragedy where the entire city of Borvi was swept away. A similar heavy tragedy happened in 1982-83 when all the major rivers of Saurashtra overflowed, acutally the water flowed over the top of the houses, hundreds of people were swept to the sea and thousands of cattle died. At that time the Prime Minister of India, Shrimati Gandhi, personally visited the site and the entire State Cabinet and all the top officials camped in Junagadh in different tehsil headquarters and supervised the relief operations with the help of NGOs and it proved very successful. We don't know this time who is staying in these areas, whether the Chief Minister or other Ministers. One of the Ministers who was put in charge said yesterday that he did not believe that there were more than 150 casualties. When newspapermen told him people were complaining that 5,000 people died, he was talking about 150 casualties! If such are the people put in charge of relief operations, it is very unfortunate.

3312/AS-F 11.B

Another thing is that the State authorities, including the Chief Minister should not rest satisfied with cursory visits to the areas. Somebody has to stay there until everything is placed in order. Such supervision and personal care doesn't appear to be there. The only thing is that they published the figures, how much assistance they sought from the Central Government and how much assistance the Central Government is goving to give. Sir, this is absolutely immaterial. Whatever money is required or whether funds are required, it is bound to be given by the Central Government as is also bound to be spent by the State. The State is to ask for further funds after it has spent the amount already earmarked in the Budget. It is a rule now that in every annual Budget some amount has to be earmarked for natural calamities. Has it spent all that amount and asked for further amounts from the Centre? So, instead of rushing with figures, what funds are asked for and how much is given, it would be better to see how much relief is provided to the people, how many camps are located, how many medical teams are sent to the areas, how many people are given food and clothing, what arrangments are made for their stay, to build their huts or houses. If this is done, perhaps, it would be of great help to the victims of the calamity in Gujarat. Thank you.

श्री अहमद पटेल: मान्यवर, जैसे कि आडवाणी जी ने सरकार के प्रतिनिधि की हैसियत से गुजरात के तूफान प्रभावित क्षेत्र का दौरान किया है, उसी तरह मैं भी गुजरात राज्य के प्रतिनिधि की हैसियत से कांडला गया था। चूंकि यह एक प्राकृतिक विपत्ति है, इसलिए मैं इस में राजनीति नहीं लाना चाहता, लेकिन आप के माध्यम से मंत्री महोदय के ध्यान में लाना चाहूंगा कि जैसा कि अभी सोलंकी जी ने बताया अगर वहां के प्रशासन ने लापरवाही नहीं बरती होती और समय से वहां लोगों को सूचना दी होती तो मैं समझता हूं कि ज्यादा लोगों की जानें बचायी जा सकती थी जोकि संभव नहीं हो पाया।

सभापति जी, यहां कुछ आंकड़े दिए गए हैं, मगर हमारे जो सोर्सेस हैं उसके मुताबिक बहुत से लोगों की जानें गयी हैं। आडवाणी जी ने अभी कहा कि हम सब के सहयोग से इसे लोगों की सेवा के अवसर में बदलना चाहते हैं, इस के लिए उन्हें हमारा पूरा सहयोग है।

मान्यवर, मैं आप के माध्यम से सरकार से आग्रह करूंगा कि एक टीम जोकि ऑफिसियल टीम होगी, वह तो वहां जा ही रही है, लेकिन क्या हम वहां एक सर्वदलीय टीम नहीं भेज सकते? मान्यवर, पहले भी वर्ष 1978 और 1982 में ऐसे हादसे हुए हैं और मेरा यह सुझाव कि हमारे दोनों हाउसेस की एक सर्वदलीय टीम जाए और फिर उस की रिपोर्ट और जो सुझाव हों, उन को ध्यान में रखकर भविष्य में हम ऐसे हादसों को टाल सकें। यह मेरा सुझाव है जिसे कि मैं आप के माध्यम से सरकार के ध्यान में लाना चाहूंगा।

यहां पर जो लोग मर गए हैं और जिनको नुकसान हुआ है, उसके मुआवजे की बात हुई, कंपनसेशन की बात हुई। मैं समझता हूं कि जो राशि इनके लिए दी जा रही है, रूल्स के मुताबिक है, लेकिन यह कम है और उसमें बढ़ोतरी करने की जरूरत है। तो मेरा एक यह भी सुझाव रहेगा, मंत्री महोदय से आग्रह रहेगा कि इस राशि में बढ़ौतरी की जाए और ज्यादा से ज्यादा राशि वहां दी जाए।

महोदय, हमने यह भी वहां देखा कि पिछले तीन-चार दिनों से पीने के पानी की व्यवस्था वहां पर बिल्कुल नहीं है। वहां की स्थिति बहुत ही गंभीर है और यह चिंता का विषय है। लोग परेशान हैं। कई गांव ऐसे हैं, जहां बिजली नहीं है। तो कम से कम हम चाहेंगे कि यह रिलीफ वर्क जल्दी शुरू हों और उसके साथ-साथ प्रशासन को एक्टिवाइज करने की जरूरत है ताकि लोगों को पीने का पानी मिल सके, जिसके लिए अत्यन्त कठोर कदम उठाने की जरूरत है। सामान्य स्थिति बनने में, मैं समझता हूं, बहुत काफी समय लग जाएगा। हम मंत्री महोदय से यह जानना चाहेंगे, क्योंकि यह वार फुटिंग पर काम करना होगा, जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल हो इसके लिए सरकार क्या कदम उठाने जा रही है?

महोदय, जैसा यहां कहा गया कि मैटिरियोलोजिकल डिपार्टमेंट ने सूचित किया था 7 जून को, लेकिन पता नहीं था कि कच्छ तक यह साइक्लोन जाएगा या नहीं जाएगा, मगर नंबर 9 और नंबर 10 के सिग्नल बहुत ही क्लीयर आ रहे थे। अगर सूचित किया जाता, वार्न किया जाता तो मैं समझता हूं कि बहुत सारे लोगों की जान

बच सकती थी, जो नहीं हुआ। मैं समझता हूं कि यह लापरवाही की वजह से हुआ है, लेकिन जो हुआ वह तो हो गया। जैसा मैंने शुरू में कहा, प्राकृतिक विपत्ति में हम कोई राजनीति नहीं लाना चाहते, लेकिन अब के बाद भविष्य में ऐसा हादसा न हो, इसके लिए हमें कदम उठाना होंगे। यह रिलीफ वर्क बहुत ही जल्द शुरू हों और प्रशासन उस पर ध्यान दे। यह मेरा एक सुझाव होगा। धन्यवाद।

डा० (श्रीमती) उर्मिला चिमनभाई पटेल (गुजरात): सभापति महोदय, यह जो हादसा हुआ है, यह कल्पना के बाहर का हादसा है। मंत्री जी ने खुद भी यह बताया है। नवलाखी बंदरगाह पर सात-सात मीटर के वेव वहां पर आए थे और पूरे के पूरे गांव खींचकर ले गए। किनारे पर जो खलासी थे, सेलर थे, उनके गांव और कंडला में जो साल्ट वर्कर थे वे पूरे के पूरे खिंच गए।

वहां एक सर्वा कालोनी है, शायद मंत्री जी ने भी देखी होगी, यह पूरी कालोनी वाश-आऊट हो गई। खारघोड़ा बंदरगाह के पास लगभग साढ़े तीन सौ लाशें एक साथ पड़ी हुई हैं, जो निकालना मुश्किल है। ऐसे तो कई समूह के समूह पूरे के पूरे चले गए हों, वह शायद पांच हजार ही नहीं, इससे भी आगे करीब सात हजार, आठ हजार, नौ हजार, दस हजार हो, ऐसा हादसा भी हो सकता है। जब इतना बड़ा हादसा हुआ है तो सरकार को इसे गंभीरता से लेना होगा। पहले से सूचना तो दी गई, सूचना नहीं दी गई थी ऐसी बात नहीं है, लेकिन इसका जो प्रोपर कोर्डिनेशन होना चाहिए था, प्रोपर एजेन्सी को जो पासओन होना चाहिए था, डिस्ट्रिक्ट लेवल पर इसे गंभीरता से लेना चाहिए था। यह सब काम नहीं हुआ। गुजरात के आज के चीफ मिनिस्टर अगर मैसेज दें, उनकी सरकार की ओर से सूचना जाती रहे और एडमिनिस्ट्रेशन उसे गंभीरता से न ले तो यह कैसा राज वहां चल रहा है? क्या यह एडमिनिस्ट्रेशन गंभीर है? यह बात मेरी समझ में नहीं आती, सरकार ने ऐसा क्यों सोचा कि कांडला पोर्ट पर सेंट्रल गवर्नमेंट की जुरिसडिक्शन है, हमारी जुरिसडिक्शन नहीं है? यहां कौन जिम्मेदार है? गुजरात सरकार जिम्मेदार है या कांडला पोर्ट जिम्मेदार है? इसकी भी तफतीश पूरी-पूरी होनी चाहिए और इसमें जो जिम्मेदार हो उसका जवाब भी लेना चाहिए। यह जरूरी है। अगर कांडला पोर्ट की गलती हो तो उससे हमें पूछना चाहिए क्योंकि जो इतना बड़ा पोर्ट जिम्मेदारी से चला रहा हो और उसका इस ओर कुछ ध्यान ही न हो तो कैसे यह चल सकता है?

माननीय, मंत्री जी ने यह स्वीकार किया है, राज्य सरकार के मंत्री ने भी स्वीकार किया है और उनकी पार्टी के लोग भी स्वीकार करते हैं कि यह कम्युनिकेशन गैप की वजह से है। अगर यह सही रूप से कम्युनिकेशन का काम हुआ होता तो हम कई लोगों की जान बचा सकते थे। जो हो गया, वह हो गया, लेकिन यह जरूर कहूंगी कि ऐसा लातूर में भी नहीं हुआ था, 1974 में गुजरात में जो साइक्लोन हुआ था, वह भी ऐसा नहीं था, आज का साइक्लोन उससे ज्यादा हुआ है, इसलिए इसको नेशनल क्लेमिडिट मानकर सरकार को स्पेशल अटेंशन देकर रेहेब्लिटेशन वर्क शुरू करवाना चाहिए।

मैं यह भी मानती हूं जैसे-जैसे लाश मिलती जाएंगी वैसे वैसे सरकार बताती रहेगी। आपने यहां बताया कि 851 इन्ज्यर्ड हुआ है। मैंने इरविन अस्पताल में देखा, मंत्री जी भी वहां गए थे होम मिनिस्टर, वहां तीन दिन में 2025 इन्ज्युर्ड लोगों को ट्रीटमेंट दिया गया।

एक ही अस्पताल में तीन दिन में अगर इतने लोगों को वहां ट्रीटमेंट दिया गया है। तो पूरे अस्पतालों में कितने लोग होंगे, यह आप अंदाज़ा लगा सकते हैं। जो लोग अस्पताल नहीं जा पाए, जहां कम्युनिकेशन ही पूरी तरह से टूट गया है, उन स्थानों के लोगों का क्या हाल होगा? वहां हजारों लोग इन्जर्ड पड़े हैं जिनको ट्रीटमेंट नहीं मिल रहा है। यह डिक्लेअर किया गया है कि जिनका देहान्त हो गया है उनको तो सरकार मदद देगी लेकिन उन इन्जर्ड लोगों को क्या मदद करने का प्रावधान किया गया है? उनकी कोई केन्द्रीय सरकार ने या राज्य सरकार ने व्यवस्था नहीं की है। तो उनका ट्रीटमेंट कैसे होगा, गरीब लोग अपना ट्रीटमेंट कैसे कराएंगे और इर्विन अस्पताल की हालत भी मैं आपको बताना चाहती हूं कि वहां पीने का पानी नहीं है। पेशेंट्स के लिए एक टैंकर दिन में आया था और वह टैंकर खत्म होने के बाद पानी नहीं रहा। वहां लेट्रिन्स में पानी नहीं है, वहां बिजली नहीं है जो जेनरेटर है, वह लोड नहीं ले रहा है। कल रिलायंस का जेनरेटर लाकर वे लोग लगा रहे थे। क्या हमारी सरकार कहीं से जेनरेटर भी नहीं ला सकती? वहां स्केनिंग मशीन भी नहीं है। सरकार ने दो करोड़ रुपए की मशीन मंजूर की हुई है, एक साल से पेपर पड़े हुए हैं, जिसके आर्डर भी हो चुके हैं लेकिन स्केनिंग मशीन नहीं है और उसके अभाव में पेशेंट्स को पूरा ट्रीटमेंट नहीं नहीं मिल रहा है। यह कैसा अस्पताल है यह कैसा ट्रीटमेंट है? स्टाफ भी पूरा नहीं है, डाक्टर्स भी पूरे नहीं हैं। एक तरफ लाशों का ढेर पड़ा है, दूसरी तरफ इन्जर्ड पेशेंट्स का ढेर पड़ा है, इस स्थिति में हम रह रहे हैं, यह मैं सरकार को बताना चाहती हूं।

एक-दो बातें और कहकर मैं अपना वक्तव्य पूरा करूंगी कि जैसे मंत्री जी ने बताया कि 80 परसेंट वृक्ष टूट गए हैं और उसके कारण बहुत सा हादसा हुआ है। लेकिन जो कच्चे मकान लोगों के थे या तो वे स्लम्स थे, जिनकी सबकी छत उड़कर चली गई, या वह रूफटाइल्स के हैं या वह गेल्वेनाइज्ड शीट्स के बनाए गए हैं। आज उस एरिया में एक मकान भी ऐसा नहीं है, जिसके ऊपर छत हो। वहां जो छोटी-मोटी इंडस्ट्री है, उनके ऊपर भी छत नहीं है। वहां जो सरकार के और प्राइवेट गोदाम हैं उनके ऊपर भी छत नहीं है और करोड़ों का माल ऐसे गोदामों में पड़ा भीग गया है, बिगड़ गया है। जबेड़ी बन्दरगाह की जो गोदी है, उसमें भी एक्सपोर्ट का करोड़ों का माल भीगकर बिगड़ गया है। इसको यदि वहां से हटाया नहीं जाएगा तो उसकी स्मैल से वहां कई रोग फैल सकते हैं। वहां इतनी दुर्गन्ध आती है, मंत्री जी भी मुंह पर रूमाल लगाए घूम रहे है, फोटोग्राफ में ऐसा दिखाई दे रहा है, तो वहां के लोगों का क्या हाल होगा? तो वहां हेल्थ सर्विसिज़ बहुत जरूरी है ताकि फ्यूचर में वहां ऐपिडेमिक न हो, का लरा न हो, मलेरिया न हो, इसके लिए भी कोई प्रावधान हमें करना पड़ेगा, इसके लिए भी हमें वहां वैक्सीन देने पड़ेंगे।

एक-दो और छोटी-छोटी बातें मैं कहना चाहूंगी कि जो सेलर्स है, जो मर गए है उनको तो हम कुछ सपोर्ट दे देंगे, लेकिन जो जिंदा रह गए हैं, उनकी कमाई के सब साधन वाश-आउट हो गए हैं, तो मैं जानना चाहती हूं कि उनको फिर से रिहेबिलटेट करने के लिए सरकार क्या मदद करना चाहती है? इसके लिए कोई स्पेशल प्रावधान करना जरूरी है। जो साल्ट के अगरिया हैं, उनकी रिहेबिलिटेशन के लिए भी कुछ प्रावधान करने जरूरी हैं। सर, मैं यह भी बताना चाहूंगी कि छोटी-छोटी जो स्माल स्केल इंडस्ट्रीज हैं, वे सब खत्म हो गई हैं। आयल मिल्स हैं, उनमें से करीब 25-30 मिलों में तो इस साइक्लोन की वजह से आग लग गई है और बाकी सब खराब पड़ी हैं और 50-60 मिल बंद पड़ी हैं। सर, यह जामनगर का एरिया खाद्य तेल एक्सपोर्ट करने वाला एरिया था, आज वहां के लोगों को खाने के लिए वहां से तेल भेजने की जरूरत है, आज यह परिस्थिति हो गई है। तो इन छोटी इंडस्ट्रीज़ को, इन आयल मिल्स को फिर से चालू करने के लिए, रिहेबिलिटेट करने के लिए या तो उनको कोई इंसेंटिव दिया जाए या बैंकों से लोन दिया जाए और पहले साल सेल्स टैक्स में या सैंट्रल गवर्नमेंट के टैक्स में उनको कुछ राहत दी जाए, ऐसा करना भी जरूरी है, मैं ऐसा मानती हूं।

महोदय, एक और छोटी सी बात है जिसको इम्पोर्टेंस नहीं दी गई है। कई गांवों में अनाज है और लोगों के घरों में भी अनाज पड़ा है लेकिन आज वहां इलेक्ट्रिसिटी नहीं है, इसलिए वे गेहूं पीसकर आटा बनाकर ला नहीं सकते हैं। अभी हालत यह है कि इलेक्ट्रसिटी 15 दिन तक वहां रिवाइव नहीं हो सकती है। जो माहौल वहां पर है, जो सब-पोल्स हैं, ओ॑यरन के पिलर्स ट्विस्ट हो गए हैं, सीमेंट के पिलर्स टूट गए हैं और पूरे रास्ते पर वायर्स बिछी पड़ी है। अभी इलेक्ट्रिसिटी को रिस्टोर करने का काम शुरू नहीं हुआ है। जब यह काम शुरू होगा तो जो इम्पोर्टेंट प्लेसेज हैं, वहां पर आप पहले करेंगे लेकिन बाकी के एरिया में आप तब तक क्या करेंगे? तो उन लोगों के यहां 15, 20 दिन तक, एक महीने तक आटा पीसने की चक्की नहीं चलेगी तो वे लोग खाएंगे क्या? ऐसी छोटी-छोटी एक हजार प्रॉ॑ब्लम्स हम आपको बता सकते हैं जिनकी ओर सरकार को ध्यान देना चाहिए। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन करना चाहती हूं कि ये सब बातें सोचें। जो हो गया, सो हो गया। अब रिहैबलिटेशन एक बहुत महत्वपूर्ण काम है। सबको मिलकर इसके लिए काम करना चाहिए। हम सब सहयोग करने को तैयार हैं। ह्यूमैनिटेरियन व्यू-प्वाइंट से सबको रिवाइव करना, अपने काम-धंधे पर लगाना और उनको इमोशनल सपोर्ट देना बहुत जरूरी है। सरकार इसके ऊपर ध्यान दे। महोदया, मैं एक बार फिर से दोहराती हूं कि नेशनल कैलेमिटी समझकर इससे उबरने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। धन्यवाद।

SHRI BRATIN SENGUPTA (West Bengal): Madam, through my clarifications yesterday, I had requested the hon. Minister for emergency relief, immediate construction of the Kandla Port and restroration of the port activities, visit of an all-party delegation to the area and for seeking help from whichever body, including, if necessary, the international governmental and non-governmental agencies. I am not going into the details. The Minister had given the reply yesterday.

But as has been stated by Members yesterday and as has been reported in the newspapers everywhere, especially those coming from Gujarat and simultaneously being published from different centres, it is very clear, as Mr. Advani has also said, that nobody can count the dead and nobody knows were the figure will reach.

Well, if you allow me, I can display these newspapers today's and yesterday's *Gujarat Samachar* and *Sunday* which are maintaining that the figure has reached the 5,000 mark.

Madam, I had the opportunity to hear Mr. Advani just an hour ago in the Lok Sabha where he said that Rs. 1,200 crores had been the estimated loss. Perhaps, the loss at the Kandla Port has not yet been calculated. Mr. Fernandes mentioned that the loss is much more than Rs. 600 crores. Who is going to shoulder this burden of the main export-oriented port of our country that Kandla Port is? Which port is going to share the burden of the port activities? Is it Bombay Port or someother nearby port? In view of all this, it is required that we jump on a war-footing as a nation.

Madam, I had the opportunity to collect certain photographs from the spot. If you allow me, I can display these photographs. It is devastating. We only request, as we said yesterday while seeking clarifications, that the Government should seek help from everybody to tackle this problem.

There is another point. For the last one year, we have a satellite specifically meant for forecasting appropriate meteorological developments. After some intial trouble, the satellite has been known to be working perfectly. There have been reports that the meteorological reports had come properly in time. The Rajasthan Government, it is reported in the Press, had made a contingency plan on the basis of those satellite-based reports on the morning of 8th June itself. It has been indicated by the hon. Member from Rajasthan yesterday. Perhaps, similar precaution had not been taken by the concerned authority, whoever it might have been—we do not know as has been reported in the *Hindustan Times* today, as also by many other newspapers.

The question of signalling flag number 9 or 10 which signifies a higher level of crisis rather than signalling flag number 4 or 5 is repeatedly being raised in newspapers. Even if the signals were not seen by the poor workers residing in the salt plant, was it not the responsibility of the Government or the Port Trust authorities to evacuate the people to safe places well in advance? The meteorological report sent by the satellite was available with the authorities. The Rajasthan Government could do it well in advance. But ultimately, the course of the cyclone took such a direction that the squall was not that much in Rajasthan after it dipped over, yet they took up a contingency plan. As reported in newspapers a similar kind of initiative was not taken by the authorities in and around Kandla. It is an unfortunate thing. Who is responsible for that? After doing the relief work on a war-footing and after construction and restoration of Kandla Port is done, will the Government go in for an appropriate inquiry into that?

श्री रामगोपाल यादव (उत्तर प्रदेश): श्रीमन्, जैसा माननीय गृह मंत्री जी ने कहा यह बहुत ही दुखद् साइक्लोन था। इतना बड़ा देश है, अगर सिर्फ हिन्दुस्तान के विभिन्न राज्यों की सरकारें ही कुछ सहायता के लिए अपनी मेडिकल टीम, मेडिकल सुविधाएं भेज दें तो पूरे इलाके में एक साथ रिलीफ वर्क शुरू हो सकता है। लेकिन दुख की बात यह है कि आदमी इतना संवेदनहीन हो गया है कि ऐसे मसलों में भी बहुत लापरवाही होती है। प्रधान मंत्री की अपील के बाद भी कहीं भी समाचार पत्रों से ऐसा नहीं प्रतीत होता है कि दूसरे राज्यों से सरकारी मदद आई हो। वैसे केन्द्र तो मदद करने जा रही है, एक प्रोसीजर होता है-हालांकि उसमें भी तब्दीली होनी चाहिए कि रिपोर्ट आए उसके बाद भेजेंगे। जरूरत आज है मदद की। इसलिये लम्पसम कुछ तत्काल मदद हो जानी चाहिए जिससे लोगों को राहत मिल सके। मैं सिर्फ यह कहना चाहूंगा कि यह जांच तो बाद में आपको करनी पड़ेगी कि क्या लापरवाही हुई, अभी यह ठीक भी नहीं है क्योंकि रिलीफ वर्क में दिक्कत आएगी। 5 दिन पहले, 6 दिन पहले सारा देश जानता था, सारी दुनियां जानती थी कि एक स्टॉर्म आने वाला है, तो उसके बाद भी इतना बड़ा नुकसान हो जाए, इसमें कहीं न कहीं लापरवाही है। इस स्टेज पर अगर कोई जांच होगी तो वहां वे लोग दूसरे काम में लग जाएंगे बजाए रिलीफ वर्क में सहयोग करने के। अभी यह स्टेज नहीं है कि

इस स्तर पर जांच हो। लेकिन बाद में जरूर इस बात की जांच होनी चाहिए ताकि इसमें किसी तरह की कोई लापरवाही आगे न हो। दूसरे, मैं गृह मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि यह भी सारे देश में जानकारी आए कि इतनी बड़ी नेशनल कैलेमिटी में किन एन०जी०ओज० ने, किन राज्य सरकारों ने गुजरात और राजस्थान के जो पीड़ित लोग हैं उन सरकारों की मदद की है, क्योंकि यह देश इतना बड़ा है कि कहीं न कहीं ऐसी चीजें होती रहती हैं। मैं एक चीज और चाहूंगा कि गुजरात के लिए एक्सक्लूसिवली प्राईम मिनिस्टर रिलीफ फंड होना चाहिए और उसमें जो लोग राहत के लिए पैसा दें पूरी तरह से इंकम टैक्स में हंड्रेड परसेंट एक्जम्पशन मिलनी चाहिए। दुर्भाग्य इस देश का यह है कि कभी-कभी लोग राहत के लिए पैसा दे देते हैं और इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट साल दो साल बाद उन्हें परेशान करना शुरू कर देता है, इसलिए लोग मदद भी नहीं करते हैं। जब तक एन०आर०आईज० या और लोग मदद नहीं करेंगे तो केन्द्र सरकार या राज्य सरकार भी इतनी मदद नहीं कर सकती, क्योंकि इतना बड़े पैमाने पर लॉस होता है कि बिना सब के सहयोग से इसकी पूर्ति सम्भव नहीं हो सकती। तो प्राईम मिनिस्टर रिलीफ फंड इसी परपज के लिए एक्सक्लूसिवली हो और उसके लिए इन्कम टैक्स में हंड्रेड परसेंट एक्जम्पशन मिलनी चाहिए ताकि बड़े पैमाने पर लोग धन दें और लोगों को राहत मिले। धन्यवाद।

श्री मूलचन्द मीणा (राजस्थान) : सभापति महोदय, प्राकृतिक विपत्ति — चाहे चक्रवात की हो, चाहे बाढ़ की हो, चाहे सूखे की हो इससे प्रभावित होने वाले लोगों के लिए सरकार के द्वारा जो सहायता दी जाती है उसमें कहीं न कहीं लापरवाही होती है तथा उनको पूरी तरह से सहायता नहीं मिल पाती है। ये उदाहरण कई बार देखने को मिला है कि देश के अंदर बाढ़ भी आई है और कई जगह लोग सूखे से भी पीड़ित हुए हैं और कई बार चक्रवात भी आए हैं, कई बार अर्थक्वेक आए हैं और उससे लोग प्रभावित हुए हैं। गृह मंत्री जी ने जिस तरह से बात कही, उनके कहने से ऐसा लग रहा था कि वह वास्तविकता को सामने रख रहे हैं और इसमें राजनीति आनी भी नहीं चाहिए। लेकिन ऐसा लगता है कि सरकार की जो भावना है, पहले भी प्रधानमंत्री और केन्द्रीय मंत्रिमंडल की टीमें जाया करती थीं। प्रधानमंत्री जी को वहां जाना चाहिए ताकि उस एरिया में जो कर्मचारी काम कर रहे हैं रिलीफ का, वे किसी तरह की लापरवाही न बरतें।

एक सुझाव आया था संसद के अंदर कि एक संसदीय समिति वहां भेजी जाए। यह अच्छी बात है। सारे दलों की एक समिति जाएगी तो वह वहां रिलीफ के कार्य की देखरेख कर सकेगी। रिलीफ के कार्य में जिस तरह से लापरवाही बरती जाती है, चाहे आप महाराष्ट्र का उदाहरण ले लीजिए या यू०पी० का उदाहरण ले लीजिए, वहां जितनी राशि रिलीफ के लिए दी गई थी, उससे पूरी तरह लोगों को राहत नहीं मिल सकी है। साथ ही राजस्थान के दो-तीन डिस्ट्रिक्ट्स के अंदर इस प्रकार का जो चक्रवात आया है, उससे बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं और राजस्थान में 7 लोगों की मौत हुई है और जान-माल का बहुत नुकसान हुआ है और बहुत से पशुओं की भी हानि हुई है।

महोदय, राजस्थान और गुजरात के लिए गृह मंत्री जी का यह वक्तव्य आया है। इसमें उन्होंने कहा कि सरकार बचाव और राहत उपाय तत्काल कर सके, इसके लिए आपदा कोष से गुजरात के लिए 2 किस्तें और राजस्थान के लिए पहली किस्त जारी की जा चुकी है। मंत्री जी ने यह नहीं बताया है कि कितनी राशि की ये किस्तें हैं। वह जानकारी इस स्टेटमेंट में नहीं है।

महोदय, ध्यान में रखने की बात यह है कि भविष्य में कभी भी जब ऐसी विपत्ति आती है तो कई प्रकार की बीमारियां पैदा हो जाती हैं। उनको रोकने के लिए आपको कोई विशेष चिकित्सकों की टीम वहां भेजनी चाहिए। क्या ऐसी कोई योजना है आपकी? सभापति महोदय, देश के अंदर जब ऐसी विपत्ति आती है तो उसमें कभी राजनीति नहीं आनी चाहिए लेकिन मुझे कल शाम दूरदर्शन पर समाचार सुनने के बाद ऐसा लगा कि श्रीमती सोनिया गांधी जो कांग्रेस पार्टी की अध्यक्षा हैं, उन्होंने जब गुजरात का दौरा किया, चक्रवात से पीड़ित लोगों के लिए क्या राहत कार्य किए जा रहे हैं, कितने लोग प्रभावित हैं, इसकी जानकारी के लिए जब वे वहां गईं तो दूरदर्शन की खबर के अंदर कहीं उनका नाम नहीं आया और उनको इग्नोर किया गया। इससे ऐसा लगता है कि वहां पर जो कुछ हो रहा है, अगर उसको कोई दूसरा आदमी देखने जाएगा, तो उस खबर को आप नहीं दिखाएंगे जिससे वहां के अधिकारियों पर कोई प्रभाव न पड़े। जो विपत्ति आज गुजरात के अंदर आई है, कल वह देश के किसी दूसरे हिस्से में भी आ सकती है। विपत्ति में जो सहयोग देता है, उसका प्रचार करना चाहिए, वहां बताना चाहिए कि सोनिया गांधी आई हैं, ताकि प्रशासन सतर्क हो जाए।

महोदय, मैं मंत्री जी से और यहां बैठे सभी माननीय सदस्यों से निवेदन करना चाहूंगा कि यह जो विपत्ति वहां आई है, इसमें सहयोग देने के लिए सभी संसद सदस्यों को अपने एक-एक महीने का वेतन इस राहत कोष के लिए, उन लोगों के लिए देना चाहिए। इस प्रकार की व्यवस्था चेयरमैन साहब आप करें और लोकसभा के स्पीकर से बात करके सारे संसद सदस्यों की एक महीने की तनख्वाह इस राहत कार्य के लिए दी जाए जिससे सरकार को सहयोग मिल सके, यही मैं कहना चाहता हूं। धन्यवाद।

श्री नरेश यादव (बिहार): मान्यवर, मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। उन्होंने अपने वक्तव्य में यह कहा है कि जो नमक बनाने वाले मजदूर वहां थे, उनका पता लगाने के लिए नमक बनाने वाले जो मालिक हैं, उनको भी कहा गया है कि वह अपनी सूची दें कि उनके यहां कौन-कौन से मजदूर काम करते थे। यह भी बताने का बहुत अच्छा तरीका है। इसके अलावा ऐसा भी हो सकता है कि वह न बताएं क्योंकि उन्हें यह भय हो सकता है कि अगर हम बताएंगे तो हमें मुआवजा देना पड़ेगा। इसके लिए जो लेबर ऑर्गेनाइज़ेशन्स हैं या जो श्रमिक संगठन हैं, जो उस क्षेत्र में काम कर रहे हैं, उन लोगों को यह जिम्मा देना चाहिए कि अपनी नॉलेज में, आपकी जानकारी में अगर ऐसा हो कि इस फैक्ट्री में यह मजदूर काम करते थे और वह लापता हैं तो उनसे यह सूचना ली जा सकती है। दूसरा, मैं यह भी आग्रह करना चाहूंगा कि दो वर्ष पहले आन्ध्र प्रदेश में, हैदराबाद में ऐसा ही चक्रवाती तूफान आया हुआ था। उसमें बहुत क्षति हुई थी और उसमें भी मौसम की जानकारी का अभाव पाया गया था। इस बार भी माननीय गृह मंत्री जी ने बताया कि जो सूचनाएं दी गयी थीं, सैटलाइट के द्वारा जो जानकारी दी गयी थी, उससे दिशा परिवर्तन हो गया। यह आंधी, यह जो चक्रवाती तूफान है यह 160 किलोमीटर से 200 किलोमीटर तक पूर्व से रेडियो के द्वारा और दूरदर्शन के द्वारा बताया जा रहा था। ऐसा नहीं है कि अचानक कोई चक्रवाती तूफान आ गया। चक्रवाती तूफान समुद्र से आने में देर लगी होगी। इस बात से हमें ऐसा लगता है — जैसे आंध्र प्रदेश में हमने देखा है—यहां भी कहीं न कहीं मौसम की जानकारी का अभाव है। हमें इस व्यवस्था को चुस्त बनाना होगा। जैसे भी हो, जिस तरह से भी हो लेकिन जब प्रकृति का शोषण ज्यादा होगा तो प्राकृतिक आपदा भी आएगी, यह तय है। इसमें दो राय नहीं हैं। क्योंकि हम ज्यादा से ज्यादा प्रकृति का शोषण आज कर रहे हैं तो आपदा तो होनी ही होनी है, विंड फॉल तो होना ही होना है। यह जो चक्रवाती तूफान हुआ, इसमें जानकारी का अभाव है। इसलिए इसकी पुख्ता व्यवस्था की जाए जिससे आगे आने वाले समय में इस बात की सही जानकारी मिल सके।

श्री जलालुदीन अंसारी (बिहार): सभापति, महोदय, यह एक राष्ट्रीय विपदा है और इसमें सभी का सहयोग और हमदर्दी आवश्यक है। लेकिन मैं यह जानना चाहूंगा कि अखबारों में मरने वालों की संख्या काफी आ रही है और मंत्री जी के बयान में मात्र 713 की सरकारी पुष्टि की जा रही है। यह बहुत भारी अंतर है। हम समझते हैं कि इस संबंध में सही तथ्यों की जानकारी प्राप्त करके इसकी रिपोर्ट हम लोगों को मिलनी चाहिए। दूसरी बात यह है कि कांडला में जो नमक बनाने वाले मजदूर काम करते थे, वह विभिन्न राज्यों से वहां आते थे। माननीय गृह मंत्री जी ने कहा कि उनको आइडैंटीफाई करने वाला कोई नहीं है। ऐसी स्थिति में खतरा है कि सही मायनों में वहां जो नमक बनाने वाले मजदूर काम करते थे, उनकी सही जानकारी नमक बनाने वाले मालिक या कम्पनियां नहीं देगी। तो ऐसी स्थिति में जो इस चक्रवात में मारे गये, उनके परिवार बेसहारा हो जाएंगे और उनको किसी प्रकार का मुआवजा या मदद नहीं मिल सकेगी। इसलिए सरकार की जवाबदेही होती है कि इन मजदूरों की सही पहचान की जाए और उनकी संख्या की जानकारी प्राप्त की जाए ताकि उनके परिवार को वाजिब मुआवजा मिल सके, उनको मदद दी जा सके। इसके लिए राज्य सरकार और केन्द्र सरकार को भी विशेष पहल करनी चाहिए। जहां तक अभी जो स्थिति है, उसमें सबसे पहला काम रिलीफ और बचाव के कार्य को करना है। जिसके बारे में दोनों माननीय मंत्री जी ने कहा है कि यह बहुत ही संतोषजनक है। राज्य सरकार भी काम कर रही है और जो संस्थाएं हैं, वह भी शानदार तरीके से कार्य

कर रहा है। हम इसमें अविश्वास नहीं करते लेकिन देखा गया है कि जहां भी इस तरह की विपत्ति आती है, तो प्रशासन की ओर से लैप्सिस होते ही हैं, कमजोरियां होती हैं। ऐसी कोई सरकार नहीं है जो पूरी तरह से लैस हो और उनकी कोई कमजोरी रिलीफ के काम में न हो, ऐसा कभी नहीं देखा गया है। अगर यह गुजरात में नहीं देखा जाए तो बड़ी सुन्दर बात होगी हम तमाम लोगों के लिए और वहां की जो दुखी जनता है उनके लिए तो सबसे अधिक होगी। फिर हम यह भी कहना चाहेंगे कि इस चक्रवात से जिनके मकान बर्बाद हो गए हैं, उन लोगों के लिए सबसे बड़ा सवाल यह होगा। जब स्थिति सामान्य हो जाएगी तो उसके बाद उनके पुनर्वास का सवाल सबसे बड़ा सवाल होगा। हम यह चाहेंगे कि इस पर राज्य और केन्द्र सरकार मिलकर उनके पुनर्वास की व्यवस्था समुचित ढंग से करें और इसके लिए कोई योजना बनाई जानी चाहिए। यह बात सही है कि इस तरह की घटना के बाद महामारी फैलने का खतरा बढ़ जाता है। यह महामारी नहीं फैले, इसके लिए प्रिकाशनरी मेज़र्स अभी से इन क्षेत्रों में लिए जाने चाहिए ताकि वहां के लोग महामारी के शिकार न हो सकें। इसका पूरा इन्तजाम होना चाहिए।

मेरी एक मांग यह है कि एक सर्वदलीय संसदीय टीम वहां पर जाए जो वहां पर जाकर सारी स्थिति को देखे। इससे इसमें सबका सहयोग प्राप्त होगा, यह कोई दलीय आधार की बात नहीं है। इस विपत्ति में सबका सहयोग आवश्यक है और उन पीड़ित लोगों को सही मायने में सहायता मिले, उनकी मदद हो, इसी उद्देश्य के साथ सारी चीजें होनी चाहिए। इतना ही मुझे कहना है।

†[श्री जलालुद्दीन अन्सारी "बेहाद": सभापति महोदय, यह एक डिज़ास्टर पीरियड है और इस में सभी को सहयोग और हमदर्दी की ज़रूरत है। लेकिन मैं यह जानना चाहूंगा कि अखबारों

†[ ]Transilteration in Arabic Script

میں مرنے والوں کی سنکھیا کافی آرہی ہے اور منتری جی کے بیان میں ماتر ۱۴۷ کی سرکاری پشٹی کی جارہی ہے - یہ بہت بھاری انتر ہے - ہم سمجھتے ہیں کہ اس سمبندھ میں صحیح تتھیوں کی جانکاری پراپت کرکے اس کی رپورٹ ہم لوگوں کو ملنی چاہیئے - دوسری بات یہ ہے کہ کانڈلہ میں جو نمک بنانے والے مزدور کام کرتے تھے، وہ وہاں راجیوں سے وہاں آتے تھے - ماننیہ گرہ منتری جی نے کہا کہ ان کو آئیڈینٹیفائی کرنے والا کوئی نہیں ہے - ایسی استھتی میں خطرہ ہے کہ صحیح معنوں میں وہاں جو نمک بنانے والے مزدور کام کرتے تھے، ان کی صحیح جانکاری، نمک بنانے والے مالک یا کمپنیاں نہیں دیں گی - تو ایسی استھتی میں جو اس چکروات میں مارے گئے ہیں ان کے پریوار بے سہارا ہو جائیں گے اور انکو کسی پرکار معاوضہ یا مدد نہیں مل سکے گی - اس لئے سرکار کی جواب دہی ہوتی ہے کہ ان مزدوروں کی صحیح پہچان کی جائے اور انکی سنکھیا کی جانکاری پراپت کی جائے تاکہ اسکے پریوار کو جب معاوضہ مل سکے، ان کو مدد دی جا سکے - اسکے لئے راجیہ سرکار اور کیندر سرکار

یقینی سرکار ملکر اسکے پنروواس کی ویوستھا سمویت ڈھنگ سے کریں اور اس کے لئے کوئی یوجنا بنائی جانی چاہیئے، یہ بات صحیح ہے کہ اس طرح کی گھٹنا کے بعد مہاماری پھیلنے کا خطرہ بڑھ جاتا ہے۔ یہ مہاماری نہیں پھیلے اس لئے پرشنی میجر سس ابھی سے ان شیتروں میں لگے جانیں چاہیئں تاکہ وہاں کے لوگ مہاماری کے شکار نہ ہو سکیں۔ اسکا پورا انتظام ہونا چاہیئے۔

میری ایک مانگ یہ ہے کہ ایک سروے سنسد یہ ٹیم وہاں پر جائے جو وہاں پر جاکر ساری استھتی کو دیکھے گی۔ اس سے اس میں سب کا سہیوگ پراپت ہوگا، یہ کوئی دلیہ آدھار کی بات نہیں ہے۔ اس ویچار میں سب کا سہیوگ آوشیک ہے اور اس وپتی میں لوگوں کو صحیح معنوں میں سہائتا ملے، ان کی مدد ہو، اسی آدیش کے ساتھ ساری چیزیں ہونی چاہئیں۔ اتنا ہی مجھے کہنا ہے۔ "ختم شد"

श्री योगेन्द्र कुमार भगतराम अलघ (गुजरात): चेयरमैन सर, मैं पहले तो मैं आडवाणी साहब का आभार व्यक्त करता हूं कि हम जो बातें कल रात को 10 बजे कर रहे थे आज सरकार ने उनको माना है। मैंने कल रात को भी कहा था कि

کو بھی وشیش پہل کرنی چاہیئے۔ جہاں تک ابھی جو استھتی ہے، اس میں سب سے پہلا کام ریلیف اور بچاؤ کے کام کو کرنا چاہیئے۔ جس کے بارے میں دونوں مانیئے منتری جی نے کہا ہے کہ یہ بہت سنتوش جنک ہے۔ راجیہ سرکار بھی کام کر رہی ہے اور جو سنستھائیں ہیں، وہ بھی شانتی اور دھیرج سے کام کر رہی ہیں۔ ہم اس میں اوشیہ اس نہیں کرتے لیکن دیکھا گیا ہے کہ جہاں بھی اس طرح کی وپتی آتی ہے، تو پرشاسن کی طرف سے لیپسیز ہوتے ہیں، کمزوریاں ہوتی ہیں۔ ایسی کوئی سرکار نہیں ہے جو پوری طرح سے پرس ہو اور اچھی کوئی سرکاری ریلیف کے کام میں نہ ہو، ایسا کبھی نہیں دیکھا گیا ہے۔ اگر یہ گجرات میں نہیں دیکھا جائے تو بڑی سندر بات ہوگی ہم تمام لوگوں کے لئے اور وہاں کی جو دکھی جنتا ہے ان کے لئے تو سب سے ادھک ہوگی۔ پھر ہم یہ بھی جاننا چاہیں گے کہ اس چکرواتی سے کتنے مکان برباد ہو گئے ہیں ان لوگوں کے لئے سب سے بڑا سوال یہ ہوگا کہ جب استھتی سمان ہو جائیگی تو اس کے بعد ان کے پنروواس کا سوال سب سے بڑا سوال ہوگا۔ ہم چاہیں گے اس پر راجیہ اور

यह जो इस बार वाहवा जोड़ा है सौराष्ट्र में, वह गुजरात के इतिहास में, पिछले 30 साल से मैं भी गुजरात में रह रहा हूं यह बहुत बड़ा संकट है। 1982-83 के वाहवा जोड़ा में जब सोलंकी सरकार थी तो मैं उस समय नर्मदा नियोजन पंच का उपाध्यक्ष था और कच्छ की ब्रांच के अन्दर था जिस समय वह साइक्लोन आया था और उस समय 80 से 85 पर किलोमीटर घंटे की रफ्तार से तूफान आया था और पांच, साढ़े पांच फुट की समुद्र में मोजें थीं और इस बार उससे दुगनी कम से कम इनटेनसिटी थी इस साइक्लोन की। मैं 9 तारीख को गुजरात में था, कच्छ-सौराष्ट्र में नहीं था लेकिन अहमदाबाद जिले के उत्तर पश्चिमी भाग में जो तूफान आ रहा था उससे यह बात पता चल रही थी कि वहां कितनी मुश्किल रही होगी और इस बात को जो विश्लेषण इन्होंने किया है, वह अच्छी बात है।

सर, मैं दो-तीन व्यावहारिक बातें कहना चाहता हूं क्योंकि ज्यादा बड़ी बातें तो अब तक हो चुकी हैं। हम जो उत्तर भारत में लोग रहते हैं वह यह समझते नहीं हैं कि गुजरात में बीज बोने का समय अभी है, सौराष्ट्र क्षेत्र में। यह दूसरा हफ्ता जून का है और इलाके में जो कि रागि हिन्दुस्तान की ग्रैनरि है उस पर काफी खर्चा होता है किसान का। अगर आप वहां पर जून में जाएं तो देखेंगे कि वहां पर किस तरह से कृषि होती है। खाली पंजाब और हरियाणा में ही आप उस तरह की कृषि देखेंगे। उस सबका नुकसान हो गया है इसलिए जरूरी है कि सरकार उसके लिए कुछ करे। सोलंकी साहब ने कहा कि पैसे की मुश्किल नहीं होनी चाहिए। सर, आजकल सरकारों की फाइनेंशियल स्थिति वैसी नहीं है जैसी अब आप चीफ मिनिस्टर थे। जो 29 करोड़ रुपये 10 अप्रैल को दिए गए थे अगर वह पे रिवीजन में खर्च कर दिए गए हैं तो इस समय सरकार को फाइनेंशियली, बीकाज ऑफ अवर क्राइटएरिया, प्राब्लम्स नहीं होनी चाहिए। ऐसी नेशनल क्राइटएरिया में अभी 29 करोड़ रुपये की एस्टालमेंट दी है अगर उससे ज्यादा चाहिए तो वह भी उनको मिलनी चाहिए। इसके साथ-साथ अहमद भाई ने कहा कि सौराष्ट्र, की वहां के भारवाड़ की कैटल वैल्थ जो है वह बड़ी प्रसिद्ध है लेकिन रिलीफ के दृष्टिकोण से मैं सिर्फ इतनी बात कहना चाहूंगा कि जो हमारे जनरल नार्म्स हैं, आडवाणी साहब, मैंने कल आपके कृषि मंत्री को भी यह कहा था कि वह गिर और कांनक्रेज जो कि बड़ी स्पेशल नस्ले हैं उसको वह नहीं मीट कर सकता। तो इसलिए सर, एनडीडीबी को बुलाएं या जिसको भी बुलाएं, वह भी अभी करना चाहिए। एक रिहेबिलिटेशन प्लान बने सौराष्ट्र के भाखाड़ों का, जिनकी काफी क्षति हो गई। इस किस्म के तूफान में कैटल लॉस बिल बी वेरी हाई तो उसके लिए जो किया जा सकता है वह आप करें। मैं उम्मीद करता था कि कल रात को दस बजे जो मैंने यह बात कही थी उसके बारे में भी हमें कुछ आश्वासन मिलेगा।

जो सॉल्ट पैन वर्कर्स हैं उनके लिए भी मैंने एक व्यावहारिक बात कही थी। उसका एक बीआईसीपी का अध्ययन हो चुका है। जैसा कि पटेल साहब ने कहा कि हिन्दुस्तान सॉल्ट्स या सॉल्ट्स इंडिया या प्राइवेट कम्पनी या कंट्रेक्टर्स हैं इनमें ज्यादातर कांट्रेक्टर्स गुजरात के नहीं हैं, बाहर के लोग हैं। वे इन सारी चीजों को बड़े कैन्युअल वर्कर्स की तरह ट्रीट करते हैं। उनकी सेहत के लिए कोई खास योजना की प्रोपोजल है, तो उनको देखा जाए और वहां उनके लिए कुछ राहत भेजी जाए। ये खारघोड़ा जो एक एतिहासिक जगह है हिन्दुस्तान में, जहां पर हमारी फ्रीडम मूवमेंट हुई थी, उसके आसपास में ज्यादातर यह काम होता है।

एक बहुत बड़ी बात आपने कही है जिससे मैं पूरी तरह से सहमत हूं। मैं सरकार से गम्भीरता से कहना चाहता हूं जिसको हम दरियाकंठ का विस्तार कहते हैं समुद्र के विस्तारों में, वहां सौराष्ट्र के विस्तार के साथ अन्याय हुआ है। यह आपकी सरकार की बात नहीं है, this has been carrying on for a long time. हिन्दुस्तान में कई ऐसे समुद्री इलाके हैं जहां मॉडर्न कम्युनिकेशन सिस्ट्स के लिए योजनाएं बनाई गई हैं साइक्लोन वार्निंग सिस्टम्स की, वर्ल्ड बैंक एसिस्टेंस से। लेकिन वह जो सैण्ट्रल प्रोजेक्ट था चार-पांच साल पहले उसे भारत सरकार और राज्य सरकार ने नहीं लिया। क्या कारण है इसका, मुझे अभी तक समझ नहीं आया है और यह प्रोजेक्ट तो अब खत्म हो रहा है। जब मैंने आपके साईंस और टेक्नॉलोजी डिपार्टमेंट से भी पता किया तो मुझे बताया गया कि सैकेण्ड फेज में भी उसमें गुजरात का नाम नहीं है। पिछले साल मैंने भाव नगर यूनिवर्सिटी में एक ओसियन टेक्नॉलोजी एंड इन्वायरन्मेंट मैनेजमेंट सैल सैक्शन किया था पांच करोड़ रुपए का। मैं यह निवेदन करूंगा कि वहां के वाइस चांसलर विद्युत जोशी जोकि बड़े सोशल एक्टिविस्ट आदमी हैं उनके पास

कुछ साधन भी हैं, उनके साथ हमारे अफसर लगाए जाएं। क्योंकि वे उस इलाके के हैं और उनके वहां कांटेक्ट्स हैं। और वहां एक कम्युनिकेशन प्लान बनाया जाए अगले महीने, दो महीने में। आगे ऐसी बात न हो कि लोगों को पता न चले। Meteorological station to satellite, city communication to ship, ship communication communication to shore communication. यह बस पूरी तरह से ठीक हो जैसा कि और प्रदेशों में है।

तीसरी बात उर्मिलाबेन ने कही है कि आज-कल हमारे पास एक टैक्नॉलोजी है जिससे हम साइक्लोन प्रोन एरिया के लिए घर बना सकते हैं। There is a centre in Chennai, the Structural Engineering Research Centre. तो उनको भी इन्वाल्व करना चाहिए। जैसा कि अभी आपने कहा मोरबी में जो समस्या हुई थी, उसके बाद ही प्लानिंग हो गई। अभी तो इस वक्त लोगों को राहत देना बहुत जरूरी है। जैसा कि सोलंकी साहब ने कहा और मैं भी कहूंगा कि इन प्लान्स के लिए गुजरात की संस्थाओं को और जो साइंटिफिक रिसर्च इंस्टीट्यूशन्स हैं उनको भी इन्वालव करें तब यह जो समस्या गुजरात की है हम इसको सुलझा सकेंगे और आगे इस किस्म का कर्स नहीं होगा।

मैं एक और व्यावहारिक बात कहना चाहता हूं क्योंकि मैं हिन्दुस्तान का पावर मिनिस्टर रह चुका हूं। वहां इमरजेंसी रेस्टोरेशन सिस्टम है। और पावर ग्रिड का गुजरात को एक्सपीरियंस है। जब ताप्ती की ग्रिड लास्ट ईयर खराब हुई थी तो उस वक्त मैंने पावर ग्रिड को वहां भेजा था और 4 महीने के लिए वेस्टर्न ग्रिड का कनैक्शन across the Tapti river was through emergency restoration system. लेकिन सर, आन्ध्र के इंसीडेंस में और गुजरात के लास्ट ईयर के फील्ड्स में क्या हुआ कि पावर ग्रिड और लोकल अथोरटीज इन झगड़ों में पड़ गए कि वे खाली ग्रिड का ख्याल रखेंगे और स्टेशन और सब-स्टेशन को.....

(व्यवधान)

थोड़ा शान्ति करो। आप तो बड़ी जल्दी करते हैं। इससे कई बार बड़ी दिक्कत होती है। I am a great admirer of you, Mr. Ranga. Please...*(Interruptions)*. I had also been a Secretary to the Government. Traditions don't change that easily. I will request you to just look into the problem. The power grid is not only there during emergency restoration system, it was there even a year ago. But right now don't get into those hassles. लोगों को पावर मिलनी चाहिए।

It is a station, a sub-station, so the instruction should be very clear to cover the last mile. घर में घंटी चलाने के लिए, हास्पिटल चलाने के लिए।

So, frankly speaking, with due respect, I will be a little firm on this because sometimes one is taken very casually. We should get an assruance that there will not be these kinds of inter-ministerial or inter-departmental or co-ordination problems, and that instructions are very clear that you cover the last mile and power reaches the people of this area.

आपने पहले उदाहरण दिया था कि बंगाल के ऊपर क्लाउड ब्रस्ट हुआ था। उसके लिए आप एन्टीसिपेट नहीं कर सकते। लेकिन साइक्लोन क्लाउड ब्रस्ट नहीं है। Finally, I think, Sir, yesterday, the hon. Member Shri Sompal was a little angry with me. *(Interruptions)* Sorry. *(Interruptions)*

The cyclone is such a phenomenon which can be tracked and India has very high capability. I don't know what the facts are. Sometimes we are told that on the 9th — I have a piece of State Government information saying that — an official went there. He went to the Kutch area. But, some independent scientific assessment should be made on this, whether the full scientific information was used, whether there was a full administrative drill. I would request the hon. Minister not to get into a defensive position — 'I want to defend my boys in the Met.' But if a mistake had been made then it is important that we all recognize it, so that in future those mistake are not repeated. That is my only intention. The intention is not just to apportion blame but get at least some scientists to look at this evidence so that if any corrections are required, those are taken care of. Thank you very much, Sir.

SHRI SOMPAL: Mr. Chairman, Sir, time and again Members have expressed apprehensions as to whether the right

kind of flag was hoisted at various ports. At Porbandar flag no. 8 was hoisted, which is very close to the highest magnitude that is, flags 9 and 10.

At other ports two flags 9 and 10 were hoisted. The Members have also expressed doubt whether the State Government had taken adequate steps in issuing warnings on the ground. The Gujarat Government has informed that, yes, warnings were issued. People were asked to keep away from the shores and many of them did heed the warning and some of them did not. But the Government had taken adequate steps.

Yesterday, some Members asked about damage to Kandla port. Then I did not have any information, but now I have received it. The Chairman, Kandla Port Trust, has intimated that damage to the Port facilities may be round about Rs. 125 crores. And damage to the cargo stored at the various warehouses and godowns would be around Rs. 100 crores. The total damage estimatead so far—and it is only prilimanary indication and estimate—is around Rs. 225 crores and later on it may undergo some change. So far as evaluation of the damage and also the assessment as to how much time and resources would be required to put these things in shape are concerned, a high level technical team headed by Development Adviser, Ports accompanied by two Chief Engineers from Chennai and New Mangalore ports and Deputy Conservator, Mumbai Port Trust, will be in Kandla today. It has already gone to evaluate the extent of the damage to the port.

It has already gone to evaluate the extent of damage to the port facilities and to recommend measures for repair of port facilities and salvage of vessels.

In all, twenty ships ran a ground within the port area. Of this one sailed back on 10th June itself. Three vessels would be sailing during high tide this afternoon. Remaining sixteen vessels—seven large and nine small ones—may take some time to be moved out. Some experts from the salvage team already working in Calcutta may have arrived today at Kandla to advise the port authorities on salvage operations.

The thrust of the port authorities is to restore the facilities for handling crude at Vadinar and products at the oil jetties. We hope that the crude handling facilities at Vadinar may be aready within a week or so; and the two oil jetties which are safe may be back into operation within a period of ten days. The Ministry of Petroleum and Natural Gas has constituted a task force and have requested for according top priority to their oil terminals at both these oil jetties.

So far as the health care facilities are concerned, so far, a number of doctors have been sent to these places. Teams of medical officers and paramedical staff have been sent to all the affected areas. Sixteen medical officers have been sent to Jamnagar alone; five medical officers to Dwaraka; and five to Jamkambhalay Health Centre from the Rajkot Medical College. five teams of medical officers sent to Porbandar. Ten specialists from the Ahmedabad Civil Hospital sent to the other affected areas. Ten additional teams of medical officers sent to Kutch and the other affected places. Fifteen junior doctors have been sent to Kutch from the Medical College, Ahmedabad.

Additional supplies of medicines and other things are being rushed to all these places. The services of private neurologists have been enlisted. Everybody is co-operating. The Regional Director (Health) is overseeing all health services in Porbandar. The Joint Director has been sent to Kutch to oversee the health care facilities. More measures are being undertaken.

The Government of Gujarat has not asked for any medical help. Even then, the Directorate-General of Health Services, Ministry of Health, has offered its services and, if there is any demand, medical facilities and experts would be rushed to Gujarat.

Regarding the number, the hon. Home Minister has already informed the House. The Industry Minister of the Gujarat Government must have taken a meeting with the salt industry people, the firms engaged in this business, to ascertain the number of workers who were employed by each such manufacturer and how many of them were missing and have been known to be dead.

Regarding cattle, the State authorities are making a survey. Prof. Alagh raised this point. He said this last evening too. The State Government has informed that the preliminary information was of the loss of 500 cattlehead. But the exact loss would be known only after some time. If needed, the State Government have informed that they are making adequate arrangements for the supply of fodder and cattlefeed.

Food items like atta and rice are being distributed by the State Government at all places of need.

Mr. Fernandes wanted to know about the ground warning. The State Government have told us that they did issue the warning on the ground and that contact was being maintained with the India Metereological Department. The satellite communication system was being used fully. It was tracking the movement. Prof. Alagh had said that it was not keeping track of the cyclone. It is not correct. There would be some deflections. It cannot be exactly identified that this would be the line of the cylcone. Some deflections do take place in such natural phenomena. He raised this point yesterday too.

SHRI YOGINDER K. ALAGH: It means, you would not like to get this issue investigated?

SHRI SOMPAL: I am coming to that, Alaghji. The exact line cannot be indicated in metres or feet; not even in kilometres. This has to be recognised. It is never done anywhere in the world.

SHRI YOGINDER K. ALAGH: I know that they do their best.

SHRI SOMPAL: I am coming to your point.

SHRI YOGINDER K. ALAGH: You are talking about the cyclone taking a competely different direction. If a cyclone takes a different direction and with modern methods we do not know about it, I think, that needs to be looked into.

That is all I am saying.

SHRI SOMPAL: I am coming to your point only.

SHRI YOGINDER K. ALAGH: You said that the point made by Dr. Alagh yesterday was not correct.

SHRI SOMPAL: I have not said, "allegation." Last evening I said, "allegation," not now.

DR. BIPLAB DASGUPTA: Sir, may I make a simple point?

SHRI SOMPAL: Last evening you said that the Government was insensitive. Therefore, I said that it was an allegation.

SHRI YOGINDER K. ALAGH: The recored is there. The only thing I said was this. We wanted a discussion yesterday. Since people were trying to avoid it, I said, "When there is this kind of a calamity, please don't avoid it." That is all I was referring to. It is a very simple point.

SHRI SOMPAL: In fact, we were not avoiding a discussion. I had sought the Chairman's permission the day before yesterday itself. It was up to the Chair to grant me time. This had been clarified yesterday.

SHRI YOGINDER K. ALAGH: You may explain then.

श्री सोमपाल: जहां तक आपने गोधन की हानि की बात कही है—गीर, कांकरेज जैसी महत्वपूर्ण नस्लों के विषय में तो मैंने पहले कहा कि राज्य सरकार ने कहा है कि वे इसका अनुमान लगा रहे है और इसके लिए जो भी आवश्यकता पड़ेगी। केन्द्र सरकार की ओर से

नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड की और से या हमारे विभाग का जो डेयरी विकास और एनीमल हसबेंड्री का विभाग है उसकी ओर से जो भी इसमें आवश्यक कार्यवाही और सहायता होगी वह की जाएगी। ल्वण कर्मियों के कल्याण की योजना और उनके लिए बीम के सुरक्षा के आवरण की बात कल भी कही गयी थी आज भी कही गयी है। इस संबंध में मैं पुनः कहना चाहता हूं कि इस बात के ऊपर चर्चा की जाएगी और जिस प्रतिवेदन के विषय में कल आपने इंगित किया था कि कोई ब्यूरों आफ इंडस्ट्रियल क्राप्स एण्ड प्राइसेज का प्रतिवेदन है, मैंने आपसे निवेदन किया था कि अगर आप इसकी एक प्रति मुझे उपलब्ध करा दें तो मैं अपने मंत्रालय में उसमें की गयी संस्तुतियों की जांच कराने के लिए कल ही वचन दे चुका हूं। उसको पुनः कहना चाहता हूं। चक्रवात की पूर्व चेतावनी हेतु सम्पूर्ण समुद्र तटीय क्षेत्रों में परस्पर संबंध और आधुनिकतम वैज्ञानिक संचार प्रणाली की स्थापना करने की बात आपने कल कही थी। मैंने कल भी यह बात आपको स्वीकार कर ली थी कि इस विषय में कार्यवाही होनी चाहिए पर चूंकि इसके लिए संसाधन और स्रोतों का प्रश्न आता है इसलिए उसमें कुछ समय अवश्य लगेगा। पर वह पूरे तटीय क्षेत्रों को कवर करने के लिए होना चाहिए बल्कि पूरे भारत भर में अंतरसंबंध के साथ होना चाहिए। इसमें कोई दो मत नहीं हो सकते। विद्युत वितरण प्रणाली की पुनः स्थापना के लिए कल ही कहा गया था कि स्पष्ट आवश्यक निर्देश कल ही माननीय मंत्र जी द्वारा दे दिए गए थे और महाराष्ट्र सरकार का जो आपातकालीन पुनःस्थापना सेट- अप है, संगठन है उसको कह दिया गया है। वे इसमें लगे हैं और राज्य सरकार के साथ उनका परस्पर कोआर्डिनेशन चल रहा है। अंत में जो बात आपने कही—क्या वैज्ञानिक प्रणाली का समुचित उपयोग किया गया है कि नहीं, इसका आंकलन और इसका अध्ययन होना चाहिए। मैं मानता हूं यह बात। अगर उसमें कहीं कमी रही है तो उसको दुरस्त किए जाने की बात की जानी चाहिए। मैं उस बात पर आ ही रहा था...(व्यवधान) अब इस आयु में भी उत्साह कुछ ज्यादा है डा० अलघ में। केन्द्रीय आपदा राहत कोष की बात मीणा जी ने कही। वे फिर उठकर चले गए हैं। कल भी नहीं थे। यह बात कल ही कही जा चुकी है कि कुछ नियमों और मार्गदर्शक सिद्धांतों के तहत इसका आवंटन किया जाता है और आवश्यकता होगी तो आगे भी किया जाएगा। मैं सदन को सूचित करना चाहता हूं कि हमारे दल भारतीय जनता पार्टी के सभी सांसदों ने आज प्रातः एक निर्णय लिया है कि अपना एक माह का वेतन इस राहत कोष के लिए देंगे। मैं अन्य सदस्यों से भी अपेक्षा करूंगा, वैसे यह किसी के ऊपर नहीं है, यदि देना चाहें तो उनका स्वागत होगा।

श्री एस०एस० अहलुवालिया (बिहार): सभापति महोदय, यहां पर मेरा एक स्ट्रांग सबमिशन है कि राहत कोष से कम सहायता दी जाती है जबकि 1500 करोड़ राज्य सरकार ने मांगा है...

श्री सोमपाल: 500 करोड़।

श्री एस०एस० अहलुवालिया: 500 करोड़ अभी मांगा है, 1500 करोड़ टोटल मांगा है।

किंतु हमने पिछले दिनों देखा है कि जब भी कोई राज्य सरकार सूखे से, फ्लड से या साइक्लोन से ग्रस्त होती है तो यह एड देने के वक्त आपकी नोडल मिनिस्ट्री कहती है कि 25 प्रतिशत राज्य सरकार दे तब हम 75 प्रतिशत देंगे। यह ऐसे ही महसूस होता है कि एक आदमी को चार बोतल खून चाहिए, उसे कहते हैं कि एक बोतल तुम पहले निकालकर दोगे तब तुम्हें चार बोतल और देंगे। तो इस राज्य के पास 350 करोड़ रुपए इस पर लगाना मुश्किल होगा। जब इसको राष्ट्रीय प्राकृतिक कोप माना गया है तो मैं समझता हूं कि ये नार्म्स जो हैं गुजरात के इस केस में वेव आफ करने चाहिए और उन्हें पूरे 1500 करोड़ रुपए ही देने चाहिए तथा उस राज्य सरकार पर कोई भार नहीं पड़ना चाहिए। यह मेरा सुझाव है।

श्री सोमपाल: देखिए, माननीय अहलुवालिया जी ने जो बात कही है, तो सरकार का कोई अपना पैसा नहीं होता, यह सब लोगों का, करदाताओं का पैसा होता है, और वह किसी नियम के अंतर्गत व्यय किया जाता है और अपने पुराने ऐतिहासिक अनुभव के आधार पर दसवें वित्त आयोग ने बहुत सोच-समझ कर, विशद चर्चा और विमर्श के उपरांत यह बात सुनिश्चित की थी कि व्यवस्था ऐसी की जाएगी कि बार-बार केन्द्र सरकार के पास राज्य सरकारों को नहीं आना पड़े। इसकी एक स्थायी व्यवस्था करके यह दसवें फाइनांस कमीशन जिसको नेशनल डिवेलपमेंट कौंसिल ने स्वीकृत किया, तो यह व्यवस्था इसीलिए बनाई थी कि बार-बार नहीं आना पड़े। मूलतः यह जिम्मेदारी राज्य सरकार की कर दी जाए....(व्यवधान) पहले मैं समाप्त कर लूं।....(व्यवधान)

श्री एच० हनुमनतप्पा: दसवें फाइनांस कमीशन के सामने ऐसा उदाहरण नहीं था।....(व्यवधान) The request is, it should be exempted. You

treat this as an exceptional case. Don't go by precedent or by rules. That is the request. If you repeat the same answer, then, whatever you call yourself, you are inviting the criticism of not being sensitive. The point which we are discussing is so serious and that is why we want an exemption from the norms..

पहले यह कहना कि एक बोतल खून तुम दो तो तीन बोतल हम देंगे। यह उदाहरण देकर आपको बताया है। इसलिए आपको भी....**(व्यवधान)** फाइनांस कमीशन का उदाहरण दे कर और यह उदाहरण देकर कि यह करदाताओं का पैसा है, तो इसके रेपीटीशन की जरूरत नहीं है। हम डिमांड कर रहे हैं गवर्नमेंट से कि एक्सैप्शन लीजिए, ऐसा हादसा कभी नहीं हुआ है। होम मिनिस्टर खुद देख कर आए हैं। तो विषय की गंभीरता के आधार पर आपका रिएक्शन चाहिए, कानून रिपीट करने का नहीं है।

श्री सोमपाल: माननीय हनुमनतप्पा जी काफी वरिष्ठ और अनुभवी व्यक्ति हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि सभी व्यवस्थाओं का निर्माण पूर्व ऐतिहासिक अनुभवों के आधार पर किया जाता है जिसमें यह व्यवस्था भी है। यह ठीक है कि यह अनुभव हुआ है, पर इसके संबंध में जब तक नियम नहीं बनाया जाता, मेरा अकेले का अधिकार नहीं है यह कहने का तो कैसे घोषणा करें...**(व्यवधान)** मेरा अधिकार नहीं है, कैबिनेट का है। तो आपका सुझाव उनके पास...**(व्यवधान)**

श्री एच० हनुमनतप्पा: आप बोलिए कि हम कंसिडर करेंगे, एक्ज़ंप्शन करने के लिए हम कंसिडर करेंगे, सोचेंगे। वह तो बोलिए...**(व्यवधान)** ऐसा तो बोलिए।...**(व्यवधान)**

श्री सोमपाल: माननीय जलालुदीन अंसारी जी ने पुनर्वास और महामारी की रोकथाम की बात कही है। यह सतत प्रक्रिया है, पहले गृह मंत्री जी ने भी कह दिया है।...**(व्यवधान)** माननीय सोलंकी जी ने एक तो आपदा राहत कोष में से राशियां मुक्त करने की बात कही है। तो पहले कहा है स्वतः प्रत्येक तिमाही के प्रथम दिन को हो जाती है। दो, पहले से मुक्त की जा चुकी है, गुजरात के मामले में, राजस्थान को एक जा चुकी है। आवश्यकता पड़ेगी तो दो और जो शेष हैं उनको अग्रिम मुक्त कर दिया जाएगा और उस सब के बाबजूद यह गृह मंत्री जी ने भी कहा है दूसरे सदन में मैंने भी कल कहा था यहां भी कि किसी भी संसाधन की कमी के कारण राहत का जो कार्य है उसका नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। उसमें कमी नहीं रहने दी जायेगी। जो आवश्यकता पड़ेगी, दिया जाएगा। जहां तक राहत शिविरों की बात है तो 64 राहत शिविर बनाए गए हैं। 28 हजार व्यक्तियों को स्थानांतरित कर दिया गया है। यह बात हमने पहले कही है। श्री अहमद पटेल साहब ने एक सुझाव रखा है आल पार्टी टीम भेजने का, एक्स ग्रेशिया ग्रांट के संबंध में कहा है। तो कुछ गुजरात सरकार ने दिया है। 50 हजार रुपया प्रत्येक मृतक आश्रित के परिवार को प्रधान मंत्री राहत कोष से देने की घोषणा कल ही कर दी गई है और वह सारी राशि उनको दे दी जाएगी। माननीय उर्मिला पटेल जी ने जो आहत हुए हैं उनको मुआवज़ा देने की बात कही है। इस बात के ऊपर विचार किया जाएगा। ...**(व्यवधान)** एक मिनट।....**(व्यवधान)** राम गोपाल जी ने दो बातें कही हैं। ....**(व्यवधान)** मैंने सुन लिया है जो आप कह रहे हैं। ....**(व्यवधान)**

श्री एस०एस० अहलुवालिया: यह मुआवजे की बात जो 50 हजार आपने कही हैं, तो मुआवजा जब कहीं दंगे होते हैं, कहीं एक्सीडेंट होता है, अभी रेलवे के एक्सीडेंट में 6 लाख, 5 लाख रुपया, 3 लाख रुपया, 2 लाख रुपया देते हैं, तो यह 50 हजार रुपया क्या है? अभी तो हाई कोर्ट की, सुप्रीम कोर्ट की जजमेंट है कि एक्स ग्रेशिया पेमेंट जो है वह मिनिमम एक लाख देना है।...**(व्यवधान)**

श्री अहमद पटेल: सभापति जी, ये सारे-के-सारे मजदूर लोग हैं।

डा० (श्रीमती) उर्मिला चिमनभाई पटेल: जब सारे हादसों में दिया जाता है तो इन गरीब पीड़ित लोगों को भी दीजिए।

श्री सोमपाल: श्रीमन् 50 हजार इधर से दिया गया है और राज्य सरकार ने जो राहत की घोषणा की है, वह मैं कल बता चुका हूं। आप विवरण चाहेंगे तो मैं पुनः बता दूंगा। दूसरे रेलवे और जो अन्य वाणिज्यिक संगठन हैं, वह अपने कोष से देते हैं। यह प्रधान मंत्री राहत कोष से दिया गया है।

डा० (श्रीमती) उर्मिला चिमनभाई पटेल: पूरा राहत कोष तो यहां सरकार के पास है?

श्री सोमपाल: पूरा कोष है, पर हमें कुछ नियमों के अंतर्गत देना पड़ता है।

डा० (श्रीमती) उर्मिला चिमनभाई पटेल: महोदय, अगर रेलवे का नियम बदल सकता है तो...

श्री सोमपाल: जैसी आवश्यकता होगी, किया जाएगा। आप भी सरकार में रही हैं और आप को जब जानकारी है।

डा० (श्रीमती) उर्मिला चिमनभाई पटेल: मान्यवर, एक और बात रह गयी कि वहां पर रूफ टाइल्स और गैलवनीइज्ड शीट्स की कालाबाजारी शुरु हो गयी है, अगर उस का डिस्ट्रीब्यूशन सरकार की ओर से हो तो अच्छा है।

श्री सोमपाल: अब रूफ टाइल्स कैसे लगेंगी, सीमेंट कैसे लगेगा, मिस्त्री किधर से चढ़ेगा, यह डिक्टेशन यहां कैसे दिया जा सकता है। राज्य सरकार एक उत्तरदायी और चुनी हुई सरकार है यह डिक्टेशन उन के पास होगा, मैं कैसे बताऊं कि सेंटर कितने ऊंचे लगेगी, उस के ऊपर ईंट कैसे रखी जाएगी

श्री राजूभाई ए० परमार: सोमपाल जी, उन का कहना है कि इन की ब्लैक-मार्केटिंग शुरू हो गयी है।

श्री सोमपाल: अब राज्य सरकार के ऊपर भरोसा किया जा सकता है। वह एक उत्तरदायी सरकार है वह स्वयं कार्य कर रही है और जहां आवश्यकता पड़ेगी हम सहायता करेंगे। इन बातों का तो बार-बार यही उत्तर होगा।

श्री वसीम अहमद: हमारी बात तो सुन लीजिए...**(व्यवधान)**

श्री सोमपाल: सुनकर ही उत्तर दे रहा हूं बिना सुने कैसे दे सकता हूं। यह सुनने के बाद ही उत्तर दिया है, श्रीमन्। ...**(व्यवधान)** ऐसे गंभीर मामले में भी बहस छिड़ गयी है।

श्री मोहम्मद सलीम: आप जब इधर थे, तब इस तरह की बात नहीं करते थे।

†शफ़ी मुहम्मद सलीम: आप जब इधर थे, तब इस तरह की बात नहीं करते थे।

श्री सोमपाल: सलीम साहब, मैं उधर बैठकर भी इस तरह की बात नहीं करता था।

मान्यवर, राहत कार्यों की समीक्षा करने की बात भाई रामगोपाल जी ने कही, यह बहुत महत्वपूर्ण बात है। मैंने कल भी कहा था कि इस तरह की आपत्तियों से निपटने के लिए जो संहिताएं या कोड बने हैं, इन अनुभवों के आधार पर उन को अपग्रेड, आधुनिक या अद्यतन किया जाना चाहिए। मान्यवर, इनकम टैक्स में छूट देने की बात भी शायद रामगोपाल जी ने कही थी, अब जो लोग इस में दान देंगे, हम इस संबंध में वित्त मंत्री जी से चर्चा करेंगे और अगर उन्होंने कहा तो इस बारे में अपील करेंगे और वह समाचार-पत्र वाले या दूसरे लोग भी कर सकते हैं। मेरी समझ में उस में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

मान्यवर, इसके अतिरिक्त मेरे पास कोई और बिंदु शेष नहीं बचा है। सदस्यों ने इस विषय में जो गंभीर चिंता व्यक्त की और चर्चा में सुझाव दिए, इसके लिए उनका धन्यवाद।

श्री राजूभाई ए० परमार: सर्वदलीय टीम का क्या हुआ?

THE MINISTER OF POWER (SHRI R. KUMARAMANGALAM): Mr. Chairman, Sir, I would like to respond to one issue that has been raised with regard to power. Sir, Prof. Alagh has been a Secretary to the Government and also the Minister of Power before. I am happy to say that there is something called continuity in Government. We learn lesson from the past. In fact, the moment this point was brought to my notice, I suggested about the movement of the power grids and other things. Therefore, what we have done is that we have asked the Gujarat State Electricity Board to be the nodal organisation, at whose disposal the services of the power grid has been placed, with the emergency restoration system, with the REC standing by with sanctioning powers to give money, with the PFC standing by with sanctioning powers to give money. Not only that, we have sent technical teams from other areas also to help them. But the Gujarat State Electricity Board is going to carry it out and our intention is to make the electricity reach the last mile. It may not be done overnight. It cannot be done overnight. But the movement would be there. It is not that we are in a hurry

डा० (श्रीमती) उर्मिला चिमनभाई पटेल: मान्यवर, मैं मंत्री जी से एक बात कहना चाहूंगी कि इतना हादसा इलेक्ट्रिसिटी में हुआ है तो पी०एफ०सी० की

†[ ]Transilteration in Arabic Script

33 ए/RS · ए 12 A

ओर से जी०क्री० को स्पेशल मदद नहीं दिलवाएंगे, वह काम नहीं कर पाएगा।

श्री रंगराजन कुमारमंगलम: सर, पी०एफ०सी० के ऑफिसियल्स अहमदाबाद में बैठे हैं और जो भी हुकुम जी०वी० देंगे, वह माना जाएगा, पैसा दिया जाएगा।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी: सभापति जी, कई माननीय सदस्यों ने इस बात का जिक्र किया कि प्रशासन में कमियां हो जाती हैं, लापरवाही हो जाती है और अगर नहीं हुई है तो यह बहुत अच्छी बात है। मैं इतना ही कह सकता हूं कि पूरे-के-पूरे प्रशासन के बारे में सब जगह पर सब ठीक था, ऐसा मैं नहीं कह सकता, दावा नहीं कर सकता, लेकिन कल जब मैंने अधिकारियों से बातचीत की थी तो मुझे एक घटना की जानकारी मिली और उस से मुझे संतोष हुआ जिस का कि अप्रत्यक्ष जिक्र माधव सिंह सोलंकी जी ने भी अभी-अभी किया कि द्वारका के पास में दो छोटे-छोटे गांव जिन में प्रायः मछुआरे बसते हैं और इस प्रकार के चक्रवात के प्रकोप में सबसे ज्यादा अगर कोई समाज का वर्ग प्रभावित होता है तो मछुआरा होता है। इस बार यह नमक के मजदूर अधिक प्रभावित हुए हैं, मछुआरे कम हुए हैं, कोई इक्के-दुक्के इधर उधर कहीं हुए हों तो मैं नहीं कह सकता। इनमें दो गांव में लगभग चार हजार लोग रहते थे, उनको लगातार वार्निंग मिलती रहती थी, लेकिन वार्निंग मिलने के बाद, यह ठीक है कि वार्निंग के परिणामस्वरूप वह लोग मछली मारने के लिए समुद्र में नहीं गए, लेकिन उन्होंने गांव नहीं छोड़ा। गांव कोई साधारणतया ऐसे तो नहीं छोड़ता। बिल्कुल समुद्र तट पर यह गांव थे। यह जामनगर जिले का हिस्सा है। जामनगर के कलेक्टर ने मुझे कहा कि हमको वार्निंग आखिरी तारीख को, 8 तारीख को पहुंची तो हमने सोचा कि इनको बहुत बार हम कह चुके हैं कि हटो हटो, लेकिन नहीं हट रहे हैं, तो रात्रि को दो बजे जाकर उनको जगाकर, बसों में लाद कर ले गए। वे लोग बहुत दुखी हुए उस समय तो, लेकिन दुखी होने के बाद जब बाद में इसका पता लगा कि क्या हुआ है तो वह सब धन्यवाद देते रहे कि बहुत अच्छा किया सरकार ने और शासन ने, हमको बचा लिया। तो यह जब उदाहरण मेरे सामने आया तो उससे मुझे लगा कि कुल मिलाकर के न केवल औपचारिक वार्निंग दी गई बल्कि साथ ही साथ उसके ऊपर जो कार्यवाही करनी चाहिए थी वह भी, जहां अधिकारियों के ख्याल में आया, उन्होंने की।

सभापति जी, कल अधिकारियों से बात करते करते मैंने पूछा कि आखिर जो क्लैमिटी के लिए एक्सरसाइज तय होती हैं, ड्रिल्स तय होती हैं, उसके बारे में क्या हुआ? उन्होंने कहा कि यह हमें कोई पता थोड़े ही था कि जून के महीने में ऐसा कोई चक्रवात आ जाएगा, लेकिन मई के महीने में 5 तारीख को सारे गुजरात के कलेक्टर को, अधिकारियों को बुलाकर के हमने यह क्लैमिटी की सारी प्रक्रिया का रिहर्सल किया। तो यह हो गया और जिस-जिस को लगा कि हां, मुझे यह करना चाहिए, वह उन्होंने किया और अच्छे उसके परिणाम हुए।

सभापति जी, मुझे अफसोस जरूर हुआ क्योंकि यह सवाल जो माधव सिंह सोलंकी जी ने पूछा है, यह रिलेवेंट सवाल है और अभी तक मुझको इसका उत्तर नहीं मिला है। उसको उन्होंने इस रूप में रखा है कि कांडला में जो प्रशासनिक अधिकारी थे और पोर्ट ट्रस्ट था, उसके समन्वय में मुझे कुछ कमी दिखाई देती है। इसकी जो थोड़ी बहुत छानबीन होगी, उसके आधार पर ही मैं निर्णय ले सकूंगा।

MESSAGE FROM THE LOK SABHA

The Appropriation (No. 2) Bill, 1998

SECRETARY-GENERAL: Sir, I have to report to the House the following message received from the Lok Sabha, signed by the Secretary-General of the Lok Sabha:—

> "In accordance with the provisions of rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to enclose the Apropriation (No. 2) Bill, 1998, as passed by Lok Sabha at its sitting held on the 12th June, 1998.
>
> The Speaker has certified that this Bill is a Money Bill within the meaning of article 110 of the Constitution of India."

Sir, I lay the Bill on the Table.

MR. CHAIRMAN: We will now continue with the discussion on the Electricity Regulatory Commissions Ordinance, 1998.

I. STATUTORY RESOLUTION SEEKING DISAPPROVAL OF THE ELECTRICITY REGULATORY COMMISSIONS ORDINANCE, 1998